आज का विचार
हमें जो मिलता है उसमें हमारा जीवन निर्वाह होता है, लेकिन हम जो देते हैं उससे हमारा जीवन निर्माण होता है।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का



6

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। मंगलवार, 16 जनवरी, 2024 | वर्ष 22, अंक 14, मूल्य: 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला में 100 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला

मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटें होंगी, 800 करोड़ रुपये की लागत से 30 महीने में पूरा होगा निर्माण

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

- मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा: मनोहर लाल
- 22 जनवरी को प्रदेश में शराब की दुकानें रहेंगी बंद

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज पंचकूला के सेक्टर-32 में 30 एकड़ भूमि पर 800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी। मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा बनाए जाने वाले नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा। प्रारंभिक चरण में 500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस परियोजना पर 300 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय का अनुमान है। पूरी परियोजना 30 महीने के भीतर पूरी होने की उम्मीद है। इस मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटें होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद, हमने राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने की घोषणा की थी। दो जिलों चरखी दादरी और पलवल को छोड़कर हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए हैं। जिनमें से 6 सरकारी, 1 सहायता प्राप्त और 8 निजी सहित कुल 15 पहले ही संचालित हो चुके हैं। शेष जिले में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की प्रक्रिया चल रही है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज थे। 2014 और 2019 के बीच यह संख्या बढ़कर 12 हो गई, जो 2019 से वर्तमान तक 15 तक पहुंच गई है। सभी के पूरा होने पर भविष्य में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़कर 29 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों के पूरा होने पर राज्य में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 3500 तक पहुंच जाएगी।

स्वास्थ्य पेशेवरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेज के संचालित होने के बाद राज्य का हर वर्ष 3500 डॉक्टर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, विशेष डॉक्टरों की आवश्यकता को पूरा करते हुए पीजी सीटों की संख्या 851 से बढ़कर 1200 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों के अंदर पैरा-मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज भी स्थापित किये जायेंगे। इस व्यापक दृष्टिकोण का उद्देश्य राज्य में सामान्य और विशिष्ट चिकित्सा पेशेवरों दोनों की कमी को दूर करना है। मुख्यमंत्री ने खुलासा किया कि युगांडा सहित कुछ अफ्रीकी देशों ने हरियाणा के साथ समझौते करने और अपने छात्रों को एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के लिए हरियाणा भेजने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि युगांडा की जनसंख्या हरियाणा के बराबर है लेकिन वहां पर केवल दो मेडिकल कॉलेज हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के का मानना है की देश में प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ और फिट हो। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप पूरे राज्य में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहे हैं। प्राकृतिक उपचार के लिए कुरूक्षेत्र में श्री कृष्णा आयुर्वेद विश्वविद्यालय के अलावा पंचकूला में आयुष एम्स स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुटैल में कल्पना चावला स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय संचालित हो रहा है। समग्र दृष्टिकोण पर जोर देते हुए गांवों में व्यायामशालाएं और खेल नर्सरी भी स्थापित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों की मैपिंग कर इस वर्ष राज्य के 300 गांवों में स्टेडियम, नर्सरी सहित अन्य खेल सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। प्रधानमंत्री के धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता कार्य के आह्वान के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि 14 जनवरी से 22 जनवरी तक इस नेक अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवधि में धार्मिक स्थानों पर पूजा पाठ और स्वच्छता गतिविधियां चलाना शामिल है। उन्होंने प्रत्येक परिवार को 22 जनवरी को घर पर 'दीपोत्सव' में भाग लेने का भी आह्वान किया। इसके अतिरिक्त, लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जोड़ने की सुविधा के लिए शैक्षणिक संस्थानों और अन्य स्थानों पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था करने पर भी विचार किया जा रहा है।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को राज्य में शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है यह तो लोगों आस्था से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जो लोग आस्था से दूर होने का फैसला करेंगे, उन्हें जनता दूर कर देगी। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री. ज्ञान चंद गुप्ता, मेयर, पंचकुला श्री कुलभूषण गोयल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री. बी.बी. भारती, मुख्य प्रशासक एचएसवीपी श्री टीएल सत्यप्रकाश, उपायुक्त श्री सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त श्री सुमेर प्रताप सिंह, प्रशासक मुख्यालय एचएसवीपी पंचकुला श्री सचिन गुप्ता, मीडिया सचिव श्री प्रवीण अत्रे, प्रचार सलाहकार श्री तरूण भंडारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

अगले तीन दिन बढ़ेगी ठंड

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

- ताजा बर्फबारी से बढ़ेगी मैदानी इलाकों में गलन

सूर्य के उत्तरायण होते-होते एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने का माहौल बन गया है। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है। जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार देर शाम से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊपरी हिस्सों में ताजा बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों समेत उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश का अनुमान किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि विक्षोभ के चलते उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों समेत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. दीपांशु यादव कहते हैं कि कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। सात हजार फीट से लेकर नौ हजार फीट पर ताजा बर्फबारी हो सकती है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से बदल रही प्रदेश व देश की तस्वीर

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

- मोदी की गारंटी की गाड़ी से पात्र नागरिकों को घर द्वार पर ही मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ
- अभी तक हरियाणा में 46 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने की यात्रा में भागीदारी
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल यात्रा को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से ले रहे फीडबैक

देशभर में राष्ट्र एकता व भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से आज देश व प्रदेश की तस्वीर बदली हुई सी नजर आ रही है। यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी की गाड़ी के माध्यम से पात्र लोगों को उनके गांवों में मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा में भी 30 नवंबर से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने एक बड़ा पड़ाव हासिल किया है और अब तक यात्रा में 46 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। लोगों का यह समर्थन जनमानस को एकजुट करने में इस यात्रा के गहरे प्रभाव को दर्शाता है।

14 जनवरी, 2024 को प्रदेशभर में 42 ग्राम पंचायतों/शहरी स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लगभग 50 हजार लागों ने हिस्सा लिया। इस प्रकार, अब तक कुल 6138 ग्राम पंचायतों/शहरी स्थानों को यात्रा के दौरान कवर किया जा चुका है, जिसमें कुल 46 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ ली है।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल भी लगातार जिला उपायुक्तों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठकें कर यात्रा के संबंध में फीडबैक ले रहे हैं और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को देते हैं। मुख्यमंत्री के इस प्रयास के फलस्वरूप हरियाणा में यात्रा बड़े ही जोर-शोर से चल रही है।

स्वास्थ्य शिविरों में जांच के लिए लगातार बढ़ रही लोगों की संख्या

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के स्वस्थ-हरियाणा विजन को लागातार गति मिल रही है। स्वास्थ्य शिविरों में जांच के लिए लगातार लोगों की संख्या बढ़ रही है। 14 जनवरी, 2024 को लगभग 7 हजार लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा, लगभग 3500 लोगों की टीबी की जांच की गई। अभी तक कुल मिलाकर 8 लाख 23 हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है तथा साढ़े 5 लाख से अधिक नागरिकों की टीबी की जांच की गई है। यात्रा के दौरान अभी तक आयुष्मान-चिरायु हरियाणा योजना के तहत 1 लाख 33 हजार नये आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, यात्रा के दौरान अभी तक 8 लाख 95 हजार आयुष्मान कार्ड भी जारी किए जा चुके हैं। इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला चोजना, आयुष्मान योजना, परिवार पहचान पत्र, निरोगी हरियाणा योजना इत्यादि का लाभ मौके पर ही नागरिकों को प्रदान किया जा रहा है। यात्रा को मिल रहा व्यापक समर्थन विकसित भारत के निर्माण के प्रति नागरिकों के दृढ़ समर्पण को दशार्ता है। इस यात्रा ने सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और अभी तक किसी कारणवश जो इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाये थे, उन लोगों को इनका सीधा लाभ देना सुनिश्चित करके उनके मन में एक दृढ़ विश्वास पैदा किया है कि वे भी समाज के अभिन्न अंग हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा

मोदी सरकार के नौ साल में कुल 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

- बहुआयामी गरीबी नौ साल में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है। नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए।

उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही। नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने तकनीकी इनपुट दिए हैं।

द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेले का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया उद्घाटन, ज्ञानचंद गुप्ता बोले- हर वर्ष लगेगा पंचकूला पुस्तक मेला

किताबें मनुष्य को नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं, अच्छी किताबें अच्छा मनुष्य बनाती है: मनोहर लाल

भूपेंद्र शर्मा
चंडीगढ़ (दर्पण न्यूज सर्विस)

- बच्चों और युवाओं का बौद्धिक संवर्द्धन करेगी किताबें: पी के दास
- ज्ञान की रोशनी से रोशन होगा हरियाणा: डॉ. अमित अग्रवाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि पुस्तकों में भाषा का समन्वय ठीक उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार शरीर व आत्मा का आपसी संबंध होता है। मुख्यमंत्री सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क में बिजली कंपनियों के तत्वावधान में 6 अन्य विभागों द्वारा आयोजित द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस मेले में राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट का भी विशेष योगदान है। पुस्तक मेला 22 जनवरी तक चलेगा। मेले में लगभग 100 प्रकाशकों में स्टाल लगाए है, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, ऊर्दू, संस्कृत, पंजाबी आदि की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। ह्लज्ञान की रोशनी से रोशन होता हरियाणा, विद्युत प्रवाह से ज्ञान प्रवाहह्ल पुस्तक मेले का थीम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तकें ज्ञानवर्धक होती है। जब भी हमें समय मिले, पुस्तकें अवश्य पढ़नी चाहिए, केवल दिखावे के लिए बल्कि वास्तविक ज्ञान हासिल करने के लिए पुस्तकें पढ़नी चाहिए। ज्ञान शास्वत होता है। प्राचीन काल में भावी पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए श्रुति ज्ञान का सहारा लिया जाता था। पुस्तकें हमें मानसिक तनाव से भी दूर करती है। पुस्तकालयों में अध्यात्मिक, खेल, संस्कृति, कहानी, कथा, व्यंगकारों सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध होती है। हर व्यक्ति को पुस्तकें लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि स्वागत या अभिनंदन के समय बुके नहीं बुक देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में भी एक पुस्तकालय खोला गया है। अधिकारी व मीडिया कर्मी भी यहां से पुस्तकें ले रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को लेखक शिवलाल शुक्ल, आईएएस सेवानिवृत की पुस्तक ह्लह्लराग दरबारीह्लह्ल अवश्यक पढ़नी चाहिए क्योंकि इस पुस्तक में राष्ट्र जीवन की दिशा पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय के लेख भी संकलित है। उन्होंने कहा कि वे सदैव गीता के श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, पर चलते हुए कर्म कर रहे है, फल की इच्छा कभी नहीं की, फल तो अपने आप मिल जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शब्द ज्ञान की महिमा अपरंपार है। सबसे पहले अक्षर ज्ञान हुआ, फिर शब्द ज्ञान हुआ, फिर वाक्य बने, फिर भाषा व लिपि बनी और पुस्तकें बनी।



आज डिजिटल युग में ई-लाइब्रेरी की अवधारणा भी आ गई है। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर 2020 को करनाल जिले के काच्छवा गांव में सीएसआर के तहत बिजली निगमों द्वारा संचालित की गई पहली ई-पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया था। आज मुख्यमंत्री ने तीन और पुस्तकालयों नामतः सरदार पटेल पुस्तकालय समाना बहु करनाल, सरदार पटेल पुस्तकालय मोहड़ी कुरुक्षेत्र व सरदार पटेल पुस्तकालय धौलरा यमुनानगर का भी रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बिजली निगमों में 25 वर्ष सुधारों ई-मैगजीन विद्युत प्रवाह से ज्ञान प्रवाह पुस्तक का अनावरण किया। इसके अलावा उन्होंने उच्चतर शिक्षा विभाग के डॉ. प्रमोद तथा अनु गुप्ता की पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि हमें इतिहास की किताबों को पढना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे नयी पीढ़ी को इतिहास में दर्ज अपने नायकों को जानने का अवसर प्राप्त होगा। इस तरह युवावर्ग अपनी नायकों के जीवन को आत्मसात कर एक सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस समाज का युवा पढ़ेगा निश्चित रूप से उस समाज का सुनहरा भविष्य निर्मित होगा। बिजली निगमों के चेयरमैन श्री पीके दास ने द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेले के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहला मेला 14 से 20 दिसंबर 2023 को पंचकूला में लगाया गया था, जिसमें 30 प्रकाशकों ने अपने स्टॉल लगाए थे। आज इस मेले में लगभग 100 से अधिक प्रकाशकों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विकास के साथ साथ सभ्यता को जोडऩा है और आशा है कि 8 दिन चलने वाला यह पुस्तक मेला साहित्य, संस्कृति, शिक्षा का संग्रह करते हुए बौद्धिक वातावरण दें पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने कहा कि पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी दोस्त हैं। पुस्तकें ज्ञानवर्धन का सबसे अच्छा स्त्रोत हैं, इसलिए सभी को पुस्तकें अवश्य पढ़नी चाहिएं। आज के इस पुस्तक मेले का थीम का अर्थ यही है कि जिस प्रकार बिजली की रोशनी सबके घरों में पहुंच रही है, उसकी प्रकार ज्ञान की रौशनी भी सबके घरों में पहुंचे, ताकि मनुष्य समाज व देश की तरक्की में अपना बहुमूल्य योगदान दे सके।

आसमान छूती बेटिया: म्हारी लाडो विषय पर इंदधनुष ऑडिटोरियम में होगा विमर्श

महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से हरियाणा के सभी वूमेन सैल के प्रभारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला पंचकूला पुस्तक मेले के अवसर पर इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय समारोह में पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगें। सुबह के सत्र में महिला बाल विकास विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती अमनीत पी. कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेगी। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग के वूमेन सेफ्टी के वरिष्ट अधिकारी विशेष रूप से हिस्सेदारी निभाएंगे। इस अवसर पर पंचकूला के महापौर श्री कुलभूषण गोयल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, उपायुक्त सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खांगवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार बीबी भारती, पब्लिसिटी एडवाईजर तरूण भंडारी, मीडिया सचिव प्रवीण आत्रे के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, गणमान्य व्यक्ति व साहित्य प्रेमी व लेखक उपस्थित थे।

आज का कार्टून

स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने अधिकारियों को चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

मंत्री द्वारा विधायकों को हरेक योजना में कवर होने वाले कार्यों और फंडों की विस्तार सहित जानकारी साझा की

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह द्वारा नगर कौंसिल/नगर पंचायत, खरड़, कुराली, नयागाँव, डेरा बस्सी, लालड़ू, जीरकपुर, बनूड़, घड़ूआं, एस.ए.एस. नगर, रूपनगर, नंगल, कीरतपुर साहिब, श्री आनन्दपुर साहिब, मोरिंडा, श्री चमकौर साहिब, सरहिन्द-फतेहगढ़ साहिब, गोबिन्दगढ़, अमलोह, खमाणों और बसी पठाना के विकास कार्यों का जायजा लेने सम्बन्धी समीक्षा बैठक के दौरान आज यहाँ म्युनिसिपल भवन सैक्टर-35 चंडीगढ़ में अधिकारियों को चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय निकाय मंत्री ने बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अधीन बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जगह की उपलब्धता, अमृत मिशन के अधीन आने वाले अलग-अलग प्रोजेक्टों, कार्यों सम्बन्धी अलॉट हुए फंडों और अन्य कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाना सुनिश्चित बनाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अलग-अलग योजनाओं के अधीन आने वाले कार्यों और फंडों सम्बन्धी विस्तार सहित जानकारी विधायकों के साथ साझा की।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि विधायकों के साथ विकास कार्यों सम्बन्धी सारी जानकारी साझा की जाए, जिससे इलाका निवासियों की जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि यदि उनको साफ-सफाई के लिए किसी तरह के उपकरणों/मशीनरी की जरूरत हो तो वह खरीद ली जाए। इसके अलावा यदि विकास कार्यों के लिए और अतिरिक्त फंडों की जरूरत हो तो उसका पूरा एक्शन प्लान तैयार करवा कर मुख्य कार्यालय भेजा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंडों की कोई कमी नहीं है। बलकार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य को एक खुशहाल राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए मंत्री ने अधिकारियों को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक दूसरे के साथ तालमेल कायम कर काम करने के लिए कहा। कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने अधिकारियों को कहा कि विभिन्न योजनाओं के अधीन अप्रयुक्त फंडों को जल्द से जल्द खर्च किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्ती से आदेश दिए कि विभिन्न योजनाओं के अधीन अप्रयुक्त फंडों को दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार खर्च न करने की सूरत में सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध बनती कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि विकास कार्यों में किसी किस्म की कोई मुश्किल पेश आती है तो इसका सम्बन्धित विधायक और जिला प्रशासन के संज्ञान में लाकर तुरंत निपटारा करवाया जाए।

मंत्री द्वारा इस बात पर भी जोर दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाना सुनिश्चित बनाया जाए। इस मौके पर विधायकों में लखबीर सिंह राय, रुपिन्दर सिंह हैप्पी, कुलजीत सिंह रंधावा, दिनेश कुमार चड्ढा, डॉ. चरनजीत सिंह, विधायकों के प्रतिनिधियों के अलावा सचिव स्थानीय निकाय अजोए शर्मा, पी.एम.आई.डी.सी. कीं सी.ई.ओ. दीप्ति उप्पल, स्थानीय निकाय विभाग के डायरैक्टर उमा शंकर गुप्ता और नगर कौंसिल एवं नगर पंचायतों के कार्य साधक अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्टेट फामेर्सी कौंसिल के रजिस्ट्रारों की मिलीभुगत के साथ घपलेबाजी करके डी-फामेर्सी में दाखिले देने एवं डिग्रियां जारी करने के दोष अधीन 4 और को किया गिरफ्तार

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा आज पंजाब स्टेट फामेर्सी कौंसिल (पी.एस.पी.सी.) के रजिस्ट्रारों और अधिकारियों की मिलीभुगत के साथ घपलेबाजी करके अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने और डी-फामेर्सी की डिग्रियाँ जारी करने के दोष अधीन चार और मुलजिमों को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्धी विजीलैंस ब्यूरो द्वारा पहले ही दाखिले, रजिस्ट्रेशन में अनियमितताएं करने और प्राईवेट कॉलेजों में पढ़ रहे अयोग्य विद्यार्थियों को डी-फामेर्सी के लाइसेंस जारी करने के दोष अधीन पी.एस.पी.सी. के पूर्व रजिस्ट्रारों और अधिकारियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. नम्बर 17 तारीख 8.12.2023 को आई.पी.सी. की धारा 420, 465, 466, 468, 120-बी के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो के थाना लुधियाना में आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में आज गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में आदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च बठिंडा के मालिक गुरप्रीत सिंह गिल और प्रिंसिपल सरबजीत सिंह बराड़, साल 2013 में बरनाला जिले के लाला लाजपत राय कॉलेज, सहणा में बतौर प्रिंसिपल रहे आर.एस. रामाकोड़ी और 2011 में लाला लाजपत कॉलेज ऑफ फामेर्सी मोगा के प्रिंसिपल रहे बलजिन्दर सिंह बाजवा शामिल हैं। इस मामले में विजीलैंस द्वारा पी.एस.पी.सी. के पूर्व रजिस्ट्रार मुलजिम प्रवीन कुमार भारद्वाज और डॉ. तेजवीर सिंह और सुपरीटेंडैंट अशोक कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा इस मामले में 9 फार्मासिस्टों को भी नामजद करके गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि इस मामले की जांच के दौरान आई.पी.सी. की धारा 409, और 467 के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7-ए, 8, 13(1) समेत 13(2) को भी शामिल किया गया है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि डी-फामेर्सी संस्थाओं में खाली पड़ी सीटों को भरने के लिए प्राईवेट कॉलेजों के मालिकों ने उक्त रजिस्ट्रारों और पी.एस.पी.सी. के अधिकारियों के साथ मिलीभुगत करके अनिवार्य माइग्रेशन सर्टीफिकेट लिए बिना अन्य राज्यों के विद्यार्थियों से बड़ी रिश्वतें लेकर उनको दाखिल किया। इसके अलावा, बहुत से विद्यार्थियों ने डी-फामेर्सी कोर्स में दाखिला लेने के लिए मेडिकल या नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में अपेक्षित 10+2 शैक्षिक योग्यता प्राईवेट तौर पर पास की हुई थी, जबकि इसके लिए रेगुलर क्लास और विज्ञान के प्रैक्टिकल लगाकर पास होना अनिवार्य होता है।

भुल्लर द्वारा सडक सुरक्षा माह की शुरूआत

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

पंजाब के परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने आज राज्य में सडक हादसों में होने वाली मौतों की दर घटाने के लिए सभी हितधारकों को सक्रियता से योगदान देने की अपील की। पंजाब राज्य सडक सुरक्षा कौंसिल द्वारा राज्य में 15 जनवरी से 14 फरवरी, 2024 तक मनाए जा रहे सडक सुरक्षा महीने की शुरूआत सम्बन्धी समारोह को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री ने सम्बन्धित विभागों, गैर-सरकारी संगठनों और लोगों को इस निर्धारित महीने के अलावा साल भर सडक सुरक्षा के प्रति वचनबद्धता की जरूरत पर जोर दिया।

पंजाब सिविल सचिवालय-2 में समारोह को संबोधित करते हुए स. लालजीत सिंह भुल्लर ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा सडक सुरक्षा फोर्स (एस.एस.एफ) और लगातार निगरानी समेत लागू किए गए अन्य प्रयासों के यातायात में सुधार के सकारात्मक प्रभावों को उजागर किया। उन्होंने बताया कि पंजाब सडक हादसे और ट्रैफिक-2022 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार राज्य में पिछले साल के मुकाबले साल 2022 में सडक हादसों में होने वाली मौतों की दर में 2.24 फीसदी कमी आई है।

मुख्यमंत्री द्वारा फौजी जवान तरलोचन सिंह की शहादत पर अफसोस जताया

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज भारतीय फौज के जवान तरलोचन सिंह की शहादत पर गहरा दुख और अफसोस जताया, जिन्होंने अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहीदी प्राप्त की। आज यहाँ जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 सिख एल.आई. में तैनात 35 वर्षीय जवान देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता की रक्षा के लिए ड्यूटी निभाते हुए बर्फ के कारण हादसाग्रस्त होकर गंभीर रूप में जख्मी हो गया था। उन्होंने कहा कि बदकिस्मति से तरलोचन सिंह जोकि गाँव जखेपल धालीवालबास, तहसील सुनाम उधम सिंह वाला, जिला संगरूर का रहने वाला है, ने आर्मी अस्पताल में ईलाज के दौरान शहीदी प्राप्त की। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह देश के लिए और खासकर दुखी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने बहादुर शहीद के परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पंजाब सरकार इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि इस शहीद ने देश की एकता की रक्षा करते हुए राज्य की गौरवमई विरासत को बरकरार रखने के लिए अपनी ड्यूटी बहादुरी के साथ निभाने में पूरी लगन और समर्पित भावना दिखाई। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस शहीद का अतुलनीय बलिदान उनके साथी सैनिकों को अपनी ड्यूटी और अधिक निष्ठा भावना से निभाने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

भगवंत मान सरकार का इंतकाल करवाने के लिए विशेष कैंप लोगों के लिए वरदान बन गया है: ब्रहम शंकर जिम्पा

- कैबिनेट मंत्री द्वारा मोहाली और खरड़ में ट्रांसफर रजिस्ट्रेशन के लिए लगाए गए कैंप का निरीक्षण
- जिला प्रशासनिक परिसर समेत जिले की सभी तहसीलों व तहसीलों में कैंप लगाए गए

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा दिए गए निदेर्शों पर कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग द्वारा बकाया इंतकाल दर्ज करने के लिए लगाए गए विशेष शिविरों से राज्य के लोगों को बड़ी राहत मिली है और ये शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। 6 जनवरी को आयोजित ऐसे शिविरों में 31 हजार 500 लंबित स्थानांतरण दर्ज किये गये और आज भी बड़ी संख्या में लंबित इंतकाल दर्ज किये जा रहे हैं। ये विचार पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रहम शंकर जिम्पा ने जिला प्रशासनिक परिसर में शिविर का निरीक्षण करते समय साझा किए। उन्होंने कहा कि वह लगातार तहसीलों का दौरा कर रहे हैं और लोग इस पहल की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को अपने काम के लिए दफ्तरों में परेशान न होना पड़े। इन शिविरों में तबादलों के साथ-साथ तकसीम मामलों को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान हमेशा लोगों के बारे में सोचते हैं। इसलिए रजिस्ट्रेशन और ट्रांसफर प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां भी संपत्ति संबंधी कोई विवाद हो तो दोनों पक्षों को बैठा कर मामले को सुलझाया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालतों के अवसर पर राजस्व अदालतें ला कर भी लोगों के राजस्व विभाग से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाना चाहिए। इससे पहले जिला प्रशासनिक कांप्लेक्स में कैंप का जायजा लेते हुए हलका विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि लोगों तक राजस्व विभाग की सेवाएं सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए ये विशेष शिविर लगाए गए हैं ताकि लोगों के लंबित नामांतरण पंजीकरण के मामलों का निपटारा किया जा सके। राजस्व एवं पुनर्वास मंत्री ने आगे कहा कि भविष्य में यह सख्ती से सुनिश्चित किया जायेगा कि इंतकाल निर्धारित 45 दिनों के भीतर दर्ज हो जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार ने राजस्व विभाग में लंबे समय से खाली पड़े पटवारियों की भर्ती करके लोगों को बड़ी राहत दी है। हलका विधायक कुलवंत सिंह मोहाली ने कहा कि 6 जनवरी को मोहाली में लगे कैंप में करीब 150 पेंडिंग इंतकाल रजिस्टर किए गए थे। कुलवंत सिंह ने कहा कि राजस्व मंत्री ब्रहम शंकर जिम्पा के कुशल नेतृत्व में राजस्व विभाग की सेवाओं को सुचारू ढंग से लोगों तक पहुंचाने की दिशा में यह पहल की जा रही है। उन्होंने लोगों से सरकार के प्रयासों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर की समीक्षा करते हुए जिला योजना समिति की चेयरपर्सन ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा इन शिविरों के रूप में एक बहुत अच्छी पहल की जा रही है।

संक्षिप्त-समाचार

सुविधाएं देने के मामले में लोगों को धोखा दे रही सरकार: कुलजीत सिंह बेदी

चंडीगढ़। मोहाली नगर निगम के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा लोगों को दी जा रही सुविधाओं को पूरी तरह से धोखा बताया है। एक बयान में कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि पूरे मोहाली जिले में विवाह पंजीकरण के लिए अष्टाम के कागजात उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विवाह पंजीकरण के लिए 1500 अष्टाम कागजात की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि जब लोग मोहाली तहसील में रजिस्ट्री कराने जाते हैं तो वहां अष्टम के कागजात नहीं मिलते। उन्होंने कहा कि मोहाली में अष्टम पेपर बेचने वाले विक्रेताओं का कहना है कि यह समस्या आज की नहीं है बल्कि यह समस्या पिछले चार महीने से हो रही है । उन्होंने कहा कि विक्रेता लोगों को अष्टाम कागज लाने के लिए फतेहगढ़ साहिब या रोपड़ जाने के लिए कहते हैं क्योंकि ये अष्टाम कागज इन दो जिलों में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का पैसा और समय दोनों बर्बाद होता है। कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि मोहाली के लोग अष्टाम पेपर के लिए धक्के खा रहे हैं और सरकार लोगों को घर बैठे सुविधाएं देने का बहाना बना रही है, जबकि हकीकत इससे कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार केवल फ्लेक्स पर विज्ञापन देने वाली सरकार बनकर रह गई है और असल में यह बुरी तरह विफल सरकार है। उन्होंने मांग की कि अष्टाम को तुरंत मोहाली जिले में उपलब्ध करवाया जाए ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

पंजाब ट्रेडर्स कमीशन के सदस्य वनीत वर्मा ने जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में आयोजित विशेष इंतकाल शिविर का निरीक्षण किया

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शों पर राजस्व मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा के नेतृत्व में जिला प्रशासनिक कांप्लेक्स में राजस्व विभाग द्वारा लगाए गए विशेष इंतकाल कैंप का जायजा लेते हुए पंजाब के सदस्य वनीत वर्मा व्यापारी आयोग ने कहा कि सरकार की इस पहल के तहत जगह-जगह अधिकारी और कर्मचारी कैंप लगा कर लंबित तबादलों का पंजीकरण और सत्यापन कर रहे हैं । उन्होंने लोगों से ऐसी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को विशेष शिविर के दौरान सभी लंबित तबादलों को मौके पर ही दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े । लंबित इंतकालों पर वे खुद लगातार नजर रख रहे हैं, ताकि काम समय पर हो सके।

भगवान परीक्षा और चतुराई ने नहीं बल्कि प्रेम और सतसंग से मिलते हैं: स्वामी बालयोगी जी महाराज

चंडीगढ़। यदि भगवान को पाना है और उनकी परीक्षा और चतुराई से काम न लो बल्कि उसके सरल और सुगम रास्ता प्रेम व सतसंग है। उपरोक्त विचार श्री बद्रीनारायण मंदिर सोहाना में पिछले तीन दिनों से चल रही श्री राम कथा के दौरान मंदिर में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी बालयोगी जी महाराज ने व्यक्त किए । गौरतलब है कि श्री राम कथा के तीसरे और चौथे दिन एक ओर जहां स्थानीय श्रद्धालुओं ने बडी संख्या में हिस्सा लिया, वहीं दूसरी मोहाली की विभिन्न मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों एवम समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बढ चढ कर कथा में शिरकत किया और श्री बद्री नारायण मंदिर वैलफेयर कमेटी की ओर से करवाए जा रहे शानदार तथा भव्य कार्यक्रम की सराहना की । इस दौरान एक ओर जहां स्वामी बालयोगी जी महाराज अयोध्यावासी वालों के मुखारविंद से श्री राम कथा श्रद्धालु खूब आनंदित हुए और भजनों पर झूमने पर मजबूर हो गए, वहीं मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने आए हुए श्रद्धालुओं और मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया । मंदिर के अध्यक्ष नरेश शर्मा एवम सुरेश गर्ग व अन्य साथियों ने बताया कि यह श्री राम कथा 20 जनवरी तक चलेगी । 21 जनवरी को एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी और 22 जनवरी को मंदिर में राम दरबारकी मूर्ति स्थापित की जाएगी जिसको लेकर श्रद्धालुओं और मंदिर कमेटी पदाधिकारियों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर शिवचरण शर्मा के अलावा, सुरेश कुमार गर्ग, सत्य नारायण शर्मा, कमल अत्री, मोहित शर्मा और राहुल शर्मा सहित के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके मंदिर के आचार्य किशोर शास्तरी विद पुजारी टीम के अलवा सुरेश गर्ग सोहाना बद्री नारायण मंदिर, जय पाल अग्रवाल, धर्म पाल अग्रवाल, रमेश धीमान, परवीन गर्ग, एडवोकेट राकेश बंसल, दीपक गुप्ता, शिव चंदर भारद्वाज भी उपस्थित थी। इस दौरान गणमान्य व्यक्तियों को श्री आयोध्या में बनने वाले श्री राम मंदिर के मॉउल को दे कर सम्मानित किया गया ।

कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान ने गुरजोत शान को सम्मानित किया

चंडीगढ़। पंजाब के सांस्कृतिक मामलों की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान ने नए साल के मौके पर पंजाब के मोहाली शहर के गुरजोत शान को बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया है। गुरजोत को यह सम्मान इंटीरियर डेकोरेशन के लिए दिया गया है। इस मौके पर अपने संबोधन में मंत्री मान ने कहा कि गुरजोत इंटीरियर डेकोरेशन की दिशा में गंभीरता से काम कर रही हैं, उनके सामने कई सम्मान छोटे हैं। उन्होंने कहा कि यह काम गंभीरता से भरा है, जिसके लिए गुरजोत पूरी सफलता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गुरजोत की कलात्मकता असाधारण है। पिछले साल भी गुरजोत शान को डिजाइन्स ग्लोबल बिजनेस आईईसी आर्किटेक्ट के वाओ अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया था। इस मौके पर अपनी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए गुरजोत शान ने कहा कि आधुनिक इंटरनेट मीडिया ने लोगों की सोच में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। उनके मुताबिक पहले ज्यादातर अमीर वर्ग इंटीरियर डिजाइन को प्राथमिकता देते थे, लेकिन अब लगभग हर वर्ग इस दौड़ में शामिल हो गया है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान से उनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह अपने काम के प्रति और अधिक गंभीर रहें।

विशेषज्ञों की राय

कोहरा आग और वाहनों के धुएं के साथ मिलकर खतरनाक धुंध में बदल जाता है, यह स्वास्थ्य के लिए है खतरनाक

प्रदूषण की बढ़ती चिंताओं के बीच पंजाब को अपने शीर्ष एजेंडे के रूप में स्वच्छ वायु को प्राथमिकता देनी चाहिए

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 में पंजाब के लिए स्वच्छ हवा सबसे महत्वपूर्ण संकल्प होना चाहिए, ताकि तत्काल और निर्णायक कार्रवाई के माध्यम से बिगड़ती वायु गुणवत्ता के गंभीर मुद्दे का समाधान किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच रहा है, जो इसके निवासियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सीधा खतरा पैदा कर रहा है। पंजाब की वायु गुणवत्ता चुनौतियाँ वाहनों के उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण गतिविधियों, अपशिष्ट जलाने और कृषि प्रथाओं सहित कारकों की जटिल परस्पर क्रिया से उत्पन्न होती हैं। विशेषज्ञ इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि इन चुनौतियों के जवाब में, पंजाब को 2024 के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को मजबूत करना, सतत परिवहन को बढ़ावा देना, उद्योगों के लिए सख्त उत्सर्जन मानकों को लागू करना, वनीकरण के माध्यम से हरित आवरण को बढ़ावा देना और जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करना शामिल है।

इंडियन इस्टिच्यूट ऑफ साईंस एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली में प्रोफेसर डॉ. विनायक सिन्हा ने पंजाब की वायु गुणवत्ता पहल को परिष्कृत करने की दिशा में मापित अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए कहा कि कृषि पद्धतियों के पुनर्मूल्यांकन, सिंचाई को शामिल करने, फसल अवशेषों का प्रबंधन करने और खुली आग को कम करने के लिए हीटिंग और खाना पकाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच सुनिश्चित करने के माध्यम से, हम वायु गुणवत्ता और जीवन की गुणवत्ता दोनों को बढ़ाने वाली दोहरी जीत की संभावना रखते हैं। सिन्हा ने साँझा किया कि खुली आग पर अंकुश लगाने का मतलब इस परिवर्तनकारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण तत्व को संबोधित करना होगा और बढ़ते कोहरे की घटनाओं और उनके दूरगामी परिणामों को कम करने के लिए दृष्टिकोण में एक स्मार्ट बदलाव न केवल आवश्यक है, बल्कि अनिवार्य भी है। जनवरी से, भारत के गंगा के मैदानी इलाकों में लाखों लोग एक अनोखी चुनौती से जूझ रहे हैं, क्योंकि कोहरा आग और वाहनों के धुएं के साथ मिलकर खतरनाक धुंध में बदल जाता है। हवा की गुणवत्ता को खतरे में डालने के अलावा, यह घटना दृश्यता को कम करती है, यात्रा और व्यापार को बाधित करती है और जीवन और आजीविका के लिए खतरा पैदा करती है। एक स्वस्थ समुदाय की वकालत करने में सबसे आगे रहने वाली प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अमृता राणा ने पंजाब में वायु गुणवत्ता को संबोधित करने और प्रबंधित करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हवा की गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए, सभी की भलाई को प्राथमिकता देना जरूरी है। राज्य को वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाकर स्वच्छ और स्वस्थ वायु के लिए प्रतिबद्धता जतानी चाहिए। इस मुद्दे का समाधान करने में विफलता से वायु प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभावों से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि हो सकती है। अब आवश्यक कदमों की उपेक्षा करने से भविष्य में श्वसन संबंधी बीमारियाँ, हृदय संबंधी बीमारियाँ बढ़ सकती हैं और जीवन की गुणवत्ता में समझौता हो सकता है। आइए हम जिस हवा में सांस लेते हैं, उस पर ध्यान देकर एक स्वस्थ भविष्य में जीवन की सांस लें।

2024 में स्वस्थ पंजाब के प्रबल समर्थक के रूप में, वॉयस ऑफ अमृतसर की उपाध्यक्ष इंदु अरोड़ा ने अधिकारियों से हवा की गुणवत्ता पर इसके हानिकारक प्रभाव को पहचानते हुए धूल को कम करने के लिए व्यापक उपायों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया, साथ ही अमृतसर में अपशिष्ट दिशानिर्देश कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलीशन (सीएंडडी) दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छ परिवहन विकल्प के रूप में इलेक्ट्रिक रिक्शा को अपनाने में पर्याप्त वृद्धि की वकालत की, जिसका लक्ष्य वाहनों के उत्सर्जन को कम करना और वायु गुणवत्ता में सुधार में योगदान देना है। इसके अलावा, इंदु एक ऐसे भविष्य की कल्पना करती है जहां अमृतसर में ई-ऑटो रिक्शा चलाने वाली अधिक महिलाओं का एकीकरण एक वास्तविकता बन जाए, जिससे पंजाब में सांस लेने योग्य और न्यायसंगत माहौल के लिए पर्यावरणीय स्थिरता और लैंगिक समावेशिता दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

अर्बन एमिशन्स के फाउंडर/डायरेक्टर डॉ. सरथ गुट्टीकुंडा ने वायु गुणवत्ता चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने के लिए निगरानी के सर्वोपरि महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंजाब के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सर्जन स्रोतों के विविध मिश्रण को स्थानिक रूप से हाई डेंसिटी मॉनिटरिंग नेटवर्क की आवश्यकता होती है। और अस्थायी रूप से प्रदूषण प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा, बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए इन प्रवृत्तियों को कैसे संबोधित किया जाए, यह समझने के लिए उत्सर्जन सूची और स्रोत शक्तियों का विस्तृत ज्ञान आधार आवश्यक है। इकोसिख की प्रेसिडेंट डॉ. सुप्रीत कौर ने एक सम्मोहक कहानी पेश करते हुए कहा कि जंगल लगाना पंजाब के लिए नए साल का संकल्प होना चाहिए। हमारी प्रतिबद्धता प्रतीकवाद से आगे बढ़नी चाहिए। कार्बन पृथक्करण, मृदा संवर्धन और जैव विविधता को बढ़ाने के लिए वनीकरण महत्वपूर्ण है। आइए हम सभी 2024 में अपने प्यारे राज्य के लिए एक हरित, अधिक सतत भविष्य के बीज बोएं।

स्वच्छ हवा में सांस लेने का यह संकल्प सिर्फ एक सरकारी आदेश नहीं बल्कि एक सामूहिक प्रतिबद्धता है। पारदर्शिता, जवाबदेही और निरंतर नवाचार हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। आइए 2024 में एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पंजाब की शुरूआत करें, जहां हर सांस एक स्थायी भविष्य के लिए हमारे साझा समर्पण का प्रमाण है।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्योम्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा: रमेश कौशिक

सांसद रमेश कौशिक ने सोनीपत शहर के कालूपुर में किया विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज हरियाणा में सोनीपत के कालूपुर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृत विद्यालय तथा सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर पहुंची, जहां शहरवासियों द्वारा इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद श्री रमेश कौशिक ने कालूपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जनसंवाद कार्यक्रम में सांसद श्री रमेश कौशिक ने उपस्थित शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा।

सांसद ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों को मुफ्त राशन, फ्री ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अनेकों ऐसी योजनाएं गरीब कल्याण के लिए चलाई गई हैं, जिनका सीधा लाभ आज पात्र गरीब परिवारों को मिल रहा है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब लोगों के जनधन योजना के तहत फ्री में खाते खुलवाए ताकि भ्रष्टाचार और बिचौलियों का अंत हो सके। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जा रहा है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई योजनाएं आरंभ की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार एवं क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। अब कोई गरीब का हक नहीं छीन सकता।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री रमेश कौशिक सहित सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली किभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल्स लगाई गई और मौके पर ही लाभ पात्रों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना, परिवार पहचान पत्र, आयुष विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान योजना, बैंक, एनआरएलएम, जिला समाज कल्याण, जिला कल्याण विभाग, हरियाणा महिला बाल विकास निगम, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम की स्टॉल लगाई गई।

बड़ौली ने किया सकल्प यात्रा के तहत गांव भुर्री में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

समाज के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को हर सभी पात्र लोगों के घर द्वारा पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा सोमवार को जिला सोनीपत के गांव भुर्री तथा कामी पहुंची। ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव भुर्री में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक श्री मोहनलाल बड़ौली ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। विधायक ने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंक्ति में आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अब लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। विधायक ने कहा कि विभाग अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाकर योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

गुरु गोविंद सिंह जी का इतिहास में बड़ी भूमिका: देवेन्द्र सिंह बबली

गुरुद्वारा अकांवली में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश में जिला फतेहाबाद के गांव अकांवली में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र सिंह बबली ने गुरुद्वारा अकांवली में आयोजित अखंड पाठ में माथा टेक सबके सुख समृद्धि की कामना की।

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री बबली ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपनी सैन्य जीत और सिख भाईचारे खालसा पंथ की स्थापना के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का त्याग समर्पण सेवा बलिदान राष्ट्र धर्म धरा धेनु के प्रति कर्तव्यों की जीवंत अमर गौरव गाथा है। वे खालसा पंथ के संस्थापक और एक महान कर्म योगी योद्धा थे। उनके बलिदान, त्याग और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दसवीं पातशाही श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के वीर सपूत साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी ने महज नौ वर्ष की आयु में जिस दृढ़ता, शौर्य और बुद्धिमता के साथ उन्होंने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए क्रूर और अत्याचारी शासन का सामना किया, वह अपने आप में अद्भुत है। जिस उम्र में बच्चे बात को ठीक से बोल और समझ भी नहीं पाते, उस छोटी आयु में उन्होंने अन्याय और अनाचार के खिलाफ मुखर होकर स्वर बुलंद किए। उनका जीवन सिख इतिहास के गौरवशाली अध्याय में एक है जो हमें सत्य, न्याय, धर्म और कर्तव्यपरायणता के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली गांव अकांवाली व आजाद नगर वार्ड नम्बर 13 में आयोजित पीर बाबा के दीवान कार्यक्रम में भी पहुंचे। यहाँ पीर बाबा की दरगाह पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण किया।

कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने पीर बाबा दीवान कार्यक्रम में भी की शिरकत

लावारिस पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा निर्धारित करने हेतु की जाएगी कमेटी गठित: संजीव कौशल

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा निर्धारित करने हेतु सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। यह कमेटी दावा प्रस्तुत किए जाने के 4 माह के अन्दर मुआवजे पर अपना निर्णय देगी। मुख्य सचिव ने आज यहां पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए एक निर्णय को लागू करने के सम्बन्ध में बुलाई गई बैठक में जिला स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक या उप-पुलिस अधीक्षक (यातायात), सम्बन्धित क्षेत्र का सब डिविजनल मजिस्ट्रेट और मुख्य चिकित्सा अधिकारी का प्रतिनिधि इस कमेटी के सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी दुर्घटना पंचायत एरिया में होती है तो डीडीपीओ, यदि जंगली जानवर से दुर्घटना होती है तो डीएफओ, यदि राज्य मार्ग पर होती है तो एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, यदि पालिका क्षेत्र में होती है तो अतिरिक्त आयुक्त या पालिका सचिव, यदि राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण कार्य वाले क्षेत्र में होती है तो सम्बन्धित कम्पनी का प्रोजेक्ट डायरेक्टर आदि इस कमेटी के सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में मुआवजे के बारे में निर्णय लेते समय मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के दिशा-निर्देशों और मानकों को ध्यान में रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुआवजे पर निर्णय सम्बन्धित विभाग के प्रधान सचिव या एनएचएआई के परियोजना निदेशक को भेजा जाएगा, जिसे 6 सप्ताह के अन्दर दावेदार को मुआवजे का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं में गाय, बैल, सांड, गधा, नीलगाय, भैंस सहित पालतू जानवर भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने कुत्ते का एक दांत लगने पर 10 हजार रुपये और यदि कुत्ते के काटने पर किसी व्यक्ति का मांस उखड़ जाता है तो कम से कम 20 हजार रुपये मुआवजा देने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि हालांकि राज्य सरकार द्वारा ऐसी दुर्घटनाओं के कारण मुआवजा देने के लिए पहले से ही दीन दयाल अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना चलाई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार इस योजना में भी उपयुक्त संशोधन किया जाएगा।

विद्यार्थियों के जीवन में विद्यालय के वार्षिकोत्सव का विशेष महत्व : बबली

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। विद्यार्थी के विद्यालय जीवन में वार्षिकोत्सव का विशेष महत्व है क्योंकि ऐसे आयोजन का उद्देश्य है विद्यार्थियों में आत्म-संयम, विद्यालय की प्रगति में सहयोग देना और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना होता है। कैबिनेट मंत्री ने टोहाना के गांव कन्हड़ी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री बबली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कड़ी मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को सफलता अवश्य मिलती है। ग्रामीण आंचल में भी प्राइवेट सेक्टर ने शिक्षा के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म बना कर हमारे ग्रामीण बच्चों को शिक्षा का अच्छा अवसर दिया है। विद्यालय के वार्षिक उत्सवों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा-प्रदर्शन, आत्माभिव्यक्ति और दायित्व की भावना को बहिमुर्खी होकर विकसित होने का अवसर प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रयास किए गए है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा व अन्य परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए प्रत्येक गांव में ई-लाइब्रेरी बनाई जा रही है।

आरोप कहा-कृषि विभाग के एडीओ के पदों पर जनरल केटेगरी में 70%, एसडीओ इलेक्ट्रिकल की भर्ती में 78% बाहर के अभ्यर्थियों का चयन किया गया

नौकरियों में हरियाणा के युवाओं को 75% आरक्षण देने का वादा जुमला निकला : अनुराग ढांडा

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उनके साथ पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल और वरिष्ठ नेता बीके कौशिक भी मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा पिछले कई सालों से बेरोजगारी में लगातार नंबर वन बना हुआ है। बेरोजगारी की ये समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। अभी कुछदिन पहले सिरसा में तीन युवाओं की नशे से मौत हो गई। हर रोज युवाओं के नशे की चपेट में आने की खबरें आ रही हैं जो बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में 25 लाख युवा बेरोजगारे हैं और जो सरकार हरियाणा के युवाओं को नौकरी में 75% आरक्षण का जुमला फेंक कर सत्ता में आई। उनका 75% आरक्षण का कानून इतना कमजोर था कि वो कोर्ट में धाराशायी हो गया। लेकिन हरियाणा के 75% युवाओं को रोजगार मिले ऐसी सरकार की मंशा कभी थी ही नहीं।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में हुई कुछ भर्तियों के आंकडे बताते हैं कि कृषि विभाग के 600 एडीओ के पदों के लिए भर्ती निकली थी। उनमें से भी केवल 50 का ही चयन हुआ, 550 पोस्ट ऐसे ही खाली रह गई। भर्ती में जनरल केटेगरी के 23 पदों में से 16 पदों पर हरियाणा से बाहर के उम्मीदवारों को सेलेक्ट किया गया। यानी 70% सिलेक्शन बाहर के युवाओं का था। 2021 में हुई एसडीओ इलेक्ट्रिकल की भर्ती में 99 लोगों को सेलेक्ट किया गया था। इनमें 77 बाहर के थे और सिर्फ 22 हरियाणा के थे। यानी 78% बाहर के सेलेक्शन हुए। लेक्चरर ग्रुप-बी (टेक्निकल एजुकेशन) की भर्ती में 157 में से 103 अभ्यार्थी हरियाणा से बाहर के सेलेक्ट हुए थे। यानी 66% सेलेक्शन हरियाणा के बाहर के अभ्यर्थियों का हुआ। साल 2019 में असिस्टेंट प्रोफेसर पॉलिटिकल साईंस की भर्ती में 18 में से 11 उम्मीदवार बाहरी थे। यानी 61% बाहर के सेलेक्शन हुए। इसके अलावा एचसीएस भर्ती 2021 में 34 लोग बाहरी चयनित हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा अकेला ऐसा प्रांत है, जहां स्टाफ नर्स व वेटेरिनरी की पोस्ट के लिए हरियाणा नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल व हरियाणा वेटेरिनरी रजिस्ट्रेशन काउंसिल का पंजीकरण अनिवार्य नहीं, जबकि दूसरे प्रदेशों में प्रांतीय काउंसिल का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। नतीजा यह है कि बाहर के युवा हरियाणा में नर्सिंग व वेटेरिनरी में भर्ती हो रहे हैं और हरियाणा के युवाओं को न हरियाणा में जगह मिलती और न बाहर। पहले सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दिया कि बाहर के आवेदकों को भी सामाजिक आर्थिक आधार पर जो 20 अंक दिए जाते हैं वो उनको भी दिए जाएंगे। जिससे हरियाणा के गरीब और पिछड़े युवा का अधिकार मारा गया। अब हरियाणा सरकार ने नया फैसला करके हरियाणा के डोमिसाइल की जरुरत को भी खत्म कर दिया है। इससे हरियाणा की सभी नौकरियों पर बाहरी उम्मीदवारों का कब्जा हो जाएगा। अब सीएम खट्टर बताएं कि हरियाणा के युवा कहां जाएं और किससे नौकरी मांगे?

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं के लिए कोई ऐसा रास्ता नहीं छोड़ा जिससे उनको रोजगार मिल सके और हरियाणा में लगातार बाहर के लोगों को ही नौकरियों में तरजीह दी जा रही है। खट्टर सरकार ये काम पूरा सुनियोजित तरीके से कर रही है। जहां पर सरकार को लगता है कि निश्चित संख्या में नौकरी के अंदर नहीं आ पा रहे हैं तो वहां पर पोस्ट खाली चली जाती हैं। लेकिन उन नौकरियों को किसी भी हालत में भरा नहीं जाता। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सरकारी महकमों में जो लोग काम करते हैं उनके रेश्यो को जानबूझकर खराब करने की कोशिश की जा रही है। ये भाजपा की सुनियोजित साजिश के तहत हो रहा है। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री खट्टर पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम विधानसभा में खड़े होकर गीता की झूठी कसम खाते हैं कि वे एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शेंगे, बल्कि उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को नई नई पोस्टिंग दी और उन्हें पदों से नवाजने का काम किया। वहीं उन्होंने लोकसभा चुनावों को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे तो सभी 10 सीटों पर भाजपा को हराने का माद्दा रखते हैं। अकेले दम पर कांग्रेस के लिए भाजपा को हराना नामुमकिन है। ये आम आदमी पार्टी है जिसने पंजाब और दिल्ली में बीजेपी को हाशिए पर लाकर खड़ा कर दिया।

संक्षिप्त-समाचार

अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही: विधायक ईश्वर सिंह

चंडीगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला कैथल के गांव अजीमगढ़ व डेरा गोबिंद सिंह नगर पहुंची। यहाँ ग्रामीणों के साथ विधायक श्री ईश्वर सिंह ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर हुए श्री ईश्वर सिंह ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। यात्रा सभी गांवों में पहुंच रही है और गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता स्टॉल्स के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। विधायक ईश्वर सिंह ने गांव अजीमगढ़ में 34 लाख 76 हजार रुपए की लागत से बने पशु अस्पताल व डेरा गोविन्द सिंह नगर में 4 लाख 84 हजार रुपए की लागत से बने महिला संस्कृति केन्द्र का उद्घाटन भी किया।

परियोजना की जानकारी लेने के लिए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों से मिल सकेंगे विधायक

चंडीगढ़। हरियाणा में यदि कोई विधायक किसी विकास परियोजना के बारे में कोई जानकारी प्राप्त करना चाहता है, तो वह पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संबंधित अधिकारी से मिलकर अपेक्षित जानकारी प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हाल ही में हरियाणा विधान सत्र के दौरान इस सम्बन्ध में आश्वासन दिया था। तदनुसार, आज यहां मुख्य सचिव द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि, हालांकि, विधायक अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता नहीं कर सकते। इसके अलावा, उप-मंडल में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित सभी विधायकों को उस उप-मंडल में उपायुक्त की अध्यक्षता में होने वाले खुले दरबार के बारे में उन्हें आमंत्रित करने की बजाय केवल सूचित किया जाएगा।

आज से खुलेंगे प्रदेश के सभी स्कूल

चंडीगढ़। हरियाणा के सभी सरकारी व प्राईवेट विद्यालय शीतकालीन अवकाश के उपरांत 16 जनवरी 2024 से कक्षा 4 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनः खोले जाएंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा इस आशय एक परिपत्र में कहा गया कि कक्षा एक से तीन के लिए शीतकालीन अवकाश को 20 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था। स्कूल प्रबंधक जिले के उपायुक्त से संपर्क कर कक्षा 4 से 5वीं के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय खोलने या ना खोलने बारे निर्णय ले सकते है। सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए 16 जनवरी से पहले की भांति विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सभी विद्यालयों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक होगा।

उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही दिनांक 16 जनवरी को

चंडीगढ़। हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही दिनांक 16 जनवरी, 2024 (मंगलवार) को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एस सी ओ नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं । बहरहाल, मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुमार्ना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।

विज ने अंबाला की शास्त्री कॉलोनी शिव मंदिर में प्रातः साफ-सफाई कर प्रभु से आशीर्वाद लिया

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने आज प्रातः अम्बाला छावनी की शास्त्री कालोनी के शिव मंदिर में पहुंचकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। श्री विज ने गत दिवस अंबाला में आयोजित श्रीराम यात्रा के दौरान लोगों से आह्वान किया था कि 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले प्रतिदिन धर्म-स्थलों में जाकर साफ-सफाई करें जिससे मन शुद्ध होगा। इसी उद्देश्य के साथ आज प्रातः मंदिर में पहुंचकर उन्होंने स्वयं इस कार्य की शुरूआत करते हुए साफ-सफाई की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 22 जनवरी तक जिस दिन अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होनी है, उस दिन तक सारे देश को अपने आपको तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी तक सारे देवालयों व मंदिरों में भी आयोजन किए जाएंगे, इसलिए 22 तारीख तक हमें रोजाना अपने देवालयों व मंदिरों को साफ करना चाहिए। इसके अलावा, मन को शुद्ध रखने के लिए हमें सात्विक भोजन करना चाहिए। मांस-मदिरा का सेवन न करें और तामसिक व राजसिक भोजन न खाएं क्योंकि यह उत्तेजना पैदा करता है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी तक अंदर व बाहर राममय वातावरण बन जाए ताकि अच्छे माहौल में जो अनुष्ठान होने जा रहा है वह पूरा हो सके। इससे पहले, गृह मंत्री अनिल विज ने शिव मंदिर परिसर में पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और भगवान का आशीर्वाद लिया।

हिसार जोन के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 17 को

चंडीगढ़। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 17 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में श्री नवीन कुमार वर्मा करेंगे। जिसमें मुख्यतः गलत बिलिंग (1 लाख से 3 लाख तक की राशि), वोल्टेज सम्बन्धित, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, खराब मीटर को बदलने में देरी इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कमेटी द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126,127 तथा धारा 135 से 140,142,143,146,152 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनाधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुमार्ना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। कोई भी बिजली उपभोक्ता अपनी शिकायत के लिए मुख्य अभियंता के कार्यालय में 01662-223302 पर संपर्क कर सकता है या ईमेल के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

संपादकीय

अर्थव्यवस्था

रिजर्व बैंक की कोशिश रही है कि महंगाई को पांच फीसद से नीचे स्थिर रखा जाए। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए कठिन बना हुआ है। पिछले महीने खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई 9.53 फीसद पर पहुंच गई। इसके पिछले महीने यह 8.70 फीसद पर थी, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 4.90 फीसद दर्ज की गई थी। यह महंगाई दर दालों, सब्जियों और मसालों की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि की वजह से दर्ज हुई है। हालांकि अनाज और खाद्य तेलों में मुद्रास्फीति कुछ कम हुई है।

भारतीय रिजर्व बैंक इस स्थिति के लिए पहले से तैयार था। इसीलिए उसने बैंक दरों में कोई बदलाव करने से परहेज किया। उसका मानना है कि सब्जियों और दालों की कीमतों में इस तरह के उतार-चढ़ाव आते रहेंगे और इसके लिए पहले से तैयार रहने की जरूरत है। रिजर्व बैंक की कोशिश रही है कि महंगाई को पांच फीसद से नीचे स्थिर रखा जाए। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मगर इस मामले में उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही है। हालांकि इसके उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया में सबसे बेहतर यानी सात फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।

आर्थिक आंकड़ों के गणित में कुछ बातें बहुत सारे लोगों की समझ से परे या फिर विरोधाभासी लगती हैं। महंगाई के साथ औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आए हैं, जिसमें तेईस में से सत्रह क्षेत्रों का प्रदर्शन निराशाजनक देखा गया है। औद्योगिक उत्पादन अपने पिछले आठ महीने के सबसे निचले स्तर पर यानी 2.4 फीसद दर्ज हुआ है। इसके पीछे उच्च आधार प्रभाव के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं और विनिर्माण गतिविधियों में शिथिलता को कारण माना जा रहा है। इसके बावजूद आर्थिक विकास दर में तेजी बताई जा रही है।

जब औद्योगिक उत्पादन निराशाजनक हो, उपभोक्ता वस्तुओं की खपत कम हो रही हो, व्यापार घाटा और राजकोषीय घाटा पाटना चुनौती बना हुआ हो, तब भी विकास दर ऊंची बनी रहे, तो इस पर हैरानी स्वाभाविक है। संतुलित विकास के लिए महंगाई दर का नीचे रहना, औद्योगिक उत्पादन का संतोषजनक दर से वृद्धि करना, रोजगार के नए अवसर सृजित होते रहना और बाजार में पूंजी का प्रवाह संतुलित रहना बहुत जरूरी होता है। महंगाई, खासकर खाने-पीने और रोजमर्रा इस्तेमाल की वस्तुओं की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी, आर्थिक विकास पर नकारात्मक असर डालती है।

कोरोनाकाल के बाद कारोबारी गतिविधियां सामान्य ढंग से चल तो पड़ीं, मगर रोजगार और आय के स्तर पर बहुत सुधार नहीं देखा गया। लोगों की कमाई बढ़ नहीं पा रही है। जिन लोगों के रोजगार छिन गए, उनमें से बहुत सारे आज भी खाली हाथ बैठे हैं। इस तरह सबसे अधिक बुरा प्रभाव लोगों की क्रय शक्ति पर पड़ा है। इसकी वजह से कुछ त्योहारी मौसमों को छोड़ दें, तो उपभोक्ता वस्तुओं के बाजार में रौनक अभी तक स्वाभाविक ढंग से नहीं लौटी है।

मगर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी कृषि उत्पादों के भंडारण, बाजारों तक उनकी सुगम पहुंच और विक्रय नीतियों में असंतुलन की वजह से अधिक देखी जाती है। यह मौसम आमतौर पर सब्जियों और फलों के उत्पादन के लिहाज से अच्छा माना जाता है। मौसम भी आमतौर पर अनुकूल ही रहा है। फिर भी सब्जियों की कीमतों में सत्ताईस फीसद से अधिक बढ़ोतरी देखी गई, तो खेतों से उपभोक्ता तक उनके पहुंचने में आने वाली दिक्कतों को दूर करने पर विचार की जरूरत है। महंगाई की मार से बचाने के लिए लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के उपाय जुटाना इस वक्त की बड़ी चुनौती है।

आज का राशिफल

मेष: ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। फ्रेशर्स को कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा। नयी योजना बनाने के लिये समय उत्तम है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। आज आप फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें।

वृषभ: शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। सन्तान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

मिथुन: आज मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

कर्क: आज आप समय का भरपूर लाभ उठायेंगे। जीवनसाथी के सुझावों पर गौर अवश्य करें। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे।

सिंह: जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। बीमा सम्बन्धित कारोबार से धन लाभ मिलेगा। घर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिये। बुरी संगति से दूर रहें।

कन्या: आज आपके सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। परिवार का खर्च बढ़ेगा। दाम्पत्य जीवन में रोमान्स का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा।

तुला: आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की सम्भावना बन रही है। नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके टीमवर्क की प्रशन्सा होगी।

वृश्चिक: आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर जरूरत से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। अत्यधिक दिखावे से आपको बचना चाहिये। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

धनु: स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिये उपहार खरीद सकते हैं।

मकर: जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

कुंभ: मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगायें। आज आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। घरवालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेन्स से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

मीन: ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। फ्रेशर्स को कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा। नयी योजना बनाने के लिये समय उत्तम है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। आज आप फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें।

देवराज इन्द्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को भगवान श्रीकृष्ण ने कैसे बचाया था

सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे !
तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयंनुमः ॥

भगवान ने देवराज इन्द्र की पूजा का विरोध करते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया और गोवर्धन की पूजा करवाई। स्वयं पुजारी और स्वयम पूज्य बन गए। व्रजवासी भगवान के अद्भुत रूप को देखकर बड़े प्रसन्न और प्रमुदित हुए। पर जब इन्द्र ने अपने सेवक से पूछा अरे ! भाई प्रति वर्ष दीपावली के अवसर पर हमारी पूजा हुआ करती है इस साल तो दीपावली भी निकल गई, प्रतिपदा भी जाने वाली है अब तक हमारी पूजा क्यों नहीं हुई ? जाओ पता लगाओ। सेवक ने आकर जब व्रज का वातावरण देखा और गोवर्द्धन की जय-जयकार सुनी तो दौड़कर इन्द्र के पास आया और बोला- सरकार अब व्रज से आपका पता साफ। क्या मतलब ? मतलब यह है कि व्रज में आपका नाम लेने वाला अब कोई नहीं है। सब गोवर्धन नाथ की जय बोल रहे हैं। और यह सब कृष्ण ने करवाया है। यह सुनकर इन्द्र आगबबूला हो गया। क्रोध में इन्द्र का विवेक शून्य हो गया। भगवान को ही गाली देने लगा।



वाचालम बालिशम स्तब्धम अग्यम पंडित मानिनम
कृष्णम मर्त्य मुपाश्रित्य गोपा मे चक्रु; अप्रियम ॥

इन गँवार ग्वालों ने कृष्ण के कहने में आकर देवराज इन्द्र का अपमान कर दिया। इसका फल इनको भोगना पड़ेगा। इन्द्र ने बड़े-बड़े मेघों से कहा- जाओ व्रज प्रदेश को नष्ट कर दो। बड़े-बड़े मेघराज व्रजमंडल में आकर गडगड़ाने लगे। आसमान में बिजली चमकने लगी और देखते ही देखते भयंकर बरसात होने लगी। कार्तिक का महीना अति वृष्टि से दुखी होकर सभी काँपने लगे, दौड़े-दौड़े गोविंद के पास आए। गोपा गोप्यश्च शीतार्ता गोविंदम शरणम ययु;।

कृष्ण कृष्ण महाभाग त्वनाथम गोकुलम प्रभो
त्रातुमर्हसि देनान्नः कुपितात भक्त वत्सल; ॥

हे भक्तवत्सल प्रभो ! हमको इन्द्र के प्रकोप से बचाओ। देवराज इन्द्र नाराज हो गया। शरण में आए व्रजवासियों को देखकर भगवान विचार करने लगे। यह मेरी प्रतिज्ञा है जो मेरी शरण में आता है उसे मैं अभय प्रदान कर देता हूँ। ये सारे व्रजवासी मेरे हैं इनकी रक्षा में देरी नहीं करनी चाहिए। भगवान ने कहा- बिलकुल मत घबड़ाओ। जिस देवता ने पूजा कारवाई है, वही देवता हमारी रक्षा भी करेगा। चलो सब मेरे साथ। सबको साथ लेकर भगवान गोवर्धन की तलहटी में पहुँच गए। व्रजवासी बोले- अब हम क्या करें ? भगवान ने कहा-- नाम संकीर्तन करो। देवता कुछ उपाय बताएगा। व्रजवासी हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगे।

गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण
प्रभु तेरी शरण हरि तेरी शरण। गिरिराज धरण
प्रभु तेरी शरण

शुकदेव जी कहते हैं परीक्षित ! व्रजवासी आँख बंद करके संकीर्तन कर ही रहे थे कि कन्हैया ने अचानक गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और सभी को पुकारा- अरे ! व्रजवासी तुम सभी गाय-बछड़ों और सामग्री के साथ आओ और आराम से बैठ जाओ। सारे व्रजवासी गोवर्धन पहाड़ के नीचे आराम से बैठ गए। भगवान ने उन व्रजवासियों की भूख-प्यास हर ली और सात दिनों तक अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा। सभी को अभय प्रदान किया। बोल गोवर्धन भगवान की जय

अब इन्द्र को कृष्ण की योगमाया का प्रभाव देखकर आश्चर्य का ठिकाना न रहा। उनका घमंड चकनाचूर हो गया। श्री कृष्ण ने देखा कि आसमान साफ हो गया आंधी वर्षा के बादल छंट गए तो सभी गोप-गोपियों को अपने-अपने घर जाने का आदेश दिया। सब लोग यशोदा मैया और नन्द बाबा के साथ खुशियाँ मनाते, कन्हैया को आशीर्वाद देते गोकुल में लौट आए।

भगवानपि तं शैलं स्वस्थाने पूर्ववत प्रभुः
पश्यतां सर्वभूतानां स्थापयामास लीलया।।

व्रजवासियों ने भगवान पर भरोसा किया। भगवान ने उन्हे उस विकराल संकट से उबारा। परीक्षित ने यहाँ एक शंका व्यक्त की, भगवान ! सात दिनों तक मूसलाधार बरसात व्रज मण्डल में होती रही। भगवान ने व्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण देकर उनकी रक्षा तो कर ली किन्तु इतना बरसात का पानी कहाँ गया ? क्या पूरा व्रजमंडल प्रचंड पानी के प्रवाह में डूब या बह नहीं गया ?

शुकदेव जी कहते हैं--- परीक्षित ! भगवान पर भरोसा करने वाले का कुछ नहीं बिगड़ता है। एक बड़ी प्यारी कथा आती है। त्रेता युग की बात है। एक बार पार्वती ने शिवजी से कहा, हम लोग पुण्य का कोई काम नहीं करते, मैं चाहती हूँ कि अपने घर ब्राह्मणों का भोज कराया जाए। पहले तो शिवजी ने आना-कानी की लेकिन बाद में पार्वती स्त्री हठ के सामने झुकना पड़ा।

कहा– ठीक है तुम भोज की तैयारी करो मैं ब्राह्मणों को बुलाकर लता हूँ। विविध प्रकार के व्यंजन बनें। शिवजी केवल एक ब्राह्मण अगस्त्य ऋषि को लाए। पार्वती जी फिर बिगड़ी, कहा- मैंने इतना सारा खाद्य पदार्थ बनाया है और केवल एक ब्राह्मण ? शिवजी ने कहा- पहले इन्हीं को भरपेट खिलाओ तब तक अन्य ब्राह्मणों को लेकर आता हूँ। अगस्त्य जी खाने लगे, माँ पार्वती बनाते-बनाते थक गईं किन्तु अगस्त्य जी नहीं थके, थकना तो दूर अभी तक डकार भी नहीं लिया।

शिवजी ने पूछा– ऐसे ही दो चार ब्राह्मण और लेके आऊँ ? पार्वती जी थककर चूर चूर हो गईं थी। नहीं में सिर हिला दिया। अब अगस्त्य जी ने कहा- भोजन से तो पेट भरा नहीं कम से कम पानी ही पिला दो। शिवजी ने कहा- ब्राह्मण देव ! द्वापर युग की प्रतीक्षा कीजिए। उसी द्वापर युग कृष्णावतार में व्रजमंडल में सात दिनों तक मूसलाधार वर्षा होती रही और अगस्त्य जी पान करते रहे। भगवान कृष्ण ने भी सबके सामने ही खेल-खेल में ही गिरिराज को पूर्ववत उसके स्थान पर स्थापित कर दिया।

श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारे हे नाथ नारायण वासुदेव
ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ।

रसोई घर में रख लें ये खास चीजें, कभी खाली नहीं होंगे आपके धन भंडार

हिंदू धर्म में वास्तु शास्त्र को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। घर में वास्तु दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में वास्तु शास्त्र में इससे निपटने के भी कई उपाय बताए गए हैं। यदि आप वास्तु शास्त्र में बताई गई गई कुछ चीजों को रसोई घर में रखते हैं तो आपको लाभ देखने को मिल सकता है।

कभी खत्म न होने दें ये चीज

रसोई घर में हल्दी मुख्य रूप से पाई जाती है। मसाले के रूप में प्रयोग होने वाली हल्दी को धार्मिक कार्यों में भी इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में इस बात का ध्यान जरूर रखें कि रसोई में हल्दी कभी भी खत्म नहीं होनी चाहिए। अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं, तो इससे आपके धन आगमन के मार्ग खुले रहते हैं।

पश्चिम दिशा में रखें ये चीजें

आजकल रसोई में कांच, प्लास्टिक और स्टील के बर्तन रखे जाते हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र की मानें तो रसोई की पश्चिम दिशा में तांबे और पीतल के बर्तन से व्यक्ति को विशेष लाभ मिल सकता है। ऐसा करने से घर में मां लक्ष्मी का वास बना रहता है।

रख सकते हैं ये पौधे

सुंदरता बढ़ाने के लिए घर में कई तरह के पौधे रखे जाते हैं। आप अपने रसोई घर में कुछ पौधे जैसे एलोवेरा और तुलसी आदि भी रख सकते हैं। इससे आर्थिक स्थिति हमेशा मजबूत बनी रहती है। साथ ही साथ सकारात्मक ऊर्जा को प्रभाव भी बना रहता है।

यहां रखें इलेक्ट्रॉनिक सामान

यदि आप अपने रसोई घर में सामान को वास्तु नियमों के अनुसार रखते हैं, तो इससे वास्तु दोष से बचा जा सकता है। इसके लिए बिजली के उपकरणों जैसे मिक्सर, ओवन आदि को रसोई के दक्षिण-पूर्व कोने में रखना चाहिए।

इन नियमों का रखें ध्यान

रसोई के आसपास कभी भी शौचालय नहीं बनवाना चाहिए। रसोई घर के नीचे या ऊपर भी शौचालय नहीं होना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा पैदा हो सकती है।

जनमेजय का 'सर्प मेघ यज्ञ'

एक बार राजा परीक्षित किसी तपस्वी ऋषि का अपमान कर देते हैं। ऋषिवर क्रोधित हो उन्हें सर्प दंश से मृत्यु का श्राप दे देते हैं। बहुत सावधानियां रखने के बावजूद ऋषि वाणी अनुसार एक दिन फूलों की टोकरी में कीड़े के रूप में छुपे तक्षक नाग के काटने से परीक्षित की मृत्यु हो जाती है। जब राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय (पांडव वंश के आखिरी राजा) को पता चलता है की साँपों के राजा, तक्षक नाग के काटने से उनके पिता की मृत्यु हुई है तो वे प्रतिशोध लेने का निश्चय करते हैं। जनमेजय सर्प मेघ यज्ञ का आहवाहन करते हैं, जिससे समस्त पृथ्वी के साँप एक के बाद एक हवन कुंड में आ कर गिरने लगते हैं।

सर्प जाति का अस्तित्व खतरे में पड़ता देख तक्षक नाग सूर्य देव के रथ में जा लिपटता है। अब अगर तक्षक नाग हवन कुंड में जाता तो उसके साथ सूर्य देव को भी हवन कुंड में जाना पड़ता। और इस दुर्घटना से सृष्टि की गति थम जाति। पिता की मृत्यु का बदला लेने की चाह में जनमेजय समस्त सर्प जाति का विनाश करने पर तुला था इसलिए देवगण उन्हे यज्ञ रोकने की सलाह देते हैं पर वह नहीं मानते। अंत में अस्तिका मुनि के हस्तक्षेप से जनमेजय अपना महा विनाशक यज्ञ रोक देते हैं।

असुर हितैषी नारद

इस ब्रह्माण्ड में कहीं कोई बात हो और वह नारद जी के कानों में पड़ जाए और उसका प्रचार न हो, यह कदापि संभव नहीं है। उन्हें तो संचार तंत्र का आदि गुरु कहना अधिक उपयुक्त होगा। बैकुण्ठलोक से चलकर नारद जी सीधे मथुरा के राजा अत्याचारी कंस के पास पहुंचे। कंस ने नारद जी का समुचित आदर-सत्कार किया और उनके दर्शनों के लिए आभार प्रकट किया। कुछ पल शांत रहने के बाद नारद जी ने कंस से कहा - राजन! अब अत्याचार करना बंद कर दो, क्योंकि तुम्हारा वध करने के लिए तुम्हारी बहन देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के रूप में स्वयं नारायण अवतार लेने वाले हैं। यह सुनकर कंस क्रोधित होकर बोला - यदि ऐसा हुआ तो मैं अपनी बहन देवकी को ही मार डालूंगा।

नारद जी ने उसे समझाते हुए कहा - राजन! मूर्खता मत करो। अभी से बहन की हत्या पाप अपने सिर पर क्यों लेते हो ? व्यर्थ में लोक निंदा के पात्र बनने से क्या लाभ ? जब आठवाँ बालक होगा, तब उसका चुपके से वध कर देना। सभी बालकों को मारने से तुम्हें पाप लगेगा।

ठीक है देवर्षि! आप जैसा कहते हैं मैं वैसा ही करूंगा। कंस ने उत्तर दिया। लेकिन उसी समय कंस के मन में नारद जी ने शंका और डाल दी।

उन्होंने एक कमल का फूल मांगकर उसे दिखते हुए कहा - राजन! इस कमल के फूल को देखिए, इसकी पंखुड़ियों को कहीं से भी गिना जा सकता है। फिर यह कैसे पता चलेगा कि देवकी का कौन-सा पुत्र आठवां होगा ?

यह सुनकर कंस सोच में पड़ गया, यह तो आप ठीक कहते हैं नारद जी। फिर तो मुझे देवकी के सारे बच्चों को मरवाना होगा।

नारद जी ने उसे चेतवानी देते हुए कहा - मरवाना नहीं मारना होगा।

दूसरे पर भरोसा करना ठीक नहीं है राजन। जो काम करो, अपने हाथों से करना। क्या पता कहीं चूक हो जाए तो फिर तुम्हें पछताना पड़ेगा ?

एक बार यदि देवकी की आठवीं संतान का जन्म हो गया तो फिर तुम्हें कोई नहीं बचा सकेगा ?

कंस बोला - आप ठीक कहते हैं देवर्षि! आप मेरे हितैषी हैं। मेरे ही क्या समस्त असुरों के आप हितैषी हैं तभी तो हम सभी आपको इतना मान करते हैं।

नारायण-नारायण ठीक कहते हो राजन! नारद तो सबका भला चाहता है। लोक-कल्याण ही मेरा लक्ष्य है और समय रहते सबको सचेत रहना मेरा धर्म है। कहते हुए नारद जी वहां से विदा हो गए।

नारद जी के उकसाने पर कंस ने देवकी के छः बालकों की निर्मम हत्या कर डाली। उसके पापों का घड़ा भरता चला गया। भगवान विष्णु के आदेश से योगमाया ने देबकी के सातवें गर्भ को रोहिणी की कोख में स्थापित कर दिया और देवकी के गर्भपात की सूचना कंस को दे दी गई। रोहिणी के गर्भ से बालक 'बलराम' का जन्म हुआ।

देवकी के आठवें गर्भ में स्वयं नारायण अवतरित हुए।

तब योगमाया ने गोकुल गाँव की गोपी यशोदा की नवजात पुत्री से देवकी के पुत्र को बदल दिया। वासुदेव नेयह कार्य स्वयं किया।

आठवीं संतान पुत्री के रूप में देखकर क्रूर कंस ने निर्ममता पूर्वक उस कन्या को पत्थर की शिला पर पटकना चाहा, लेकिन वह बिजली की तरह चमकी और आकाश में दुर्गा के रूप में प्रकट होकर बोली - अरे दुर्बुद्धि कंस! तू अकारण मुझ बालिका का वध करना चाहता था। तुझे मरने देवकी का आठवां पुत्र जन्म ले चुका है। अब स्वयं काल भी तुझे नहीं बचा पाएगा।

आकाशवाणी सुनकर कंस आग-बबूला हो गया। उसने अपने सहकर्मी प्रलंभ और केशी दैत्यों को बुलाकर उसी दिन जन्मे अपने राज्य के सभी बालकों को मार डालने का आदेश दे दिया। परन्तु वह यशोदा की गोद में खेल रहे बाल कृष्ण तक नहीं पहुंच पाया।

कंस द्वारा किए गए तरह-तरह के उपाय भी कृष्ण को, स्वयं नारायण के अवतार थे, कोई क्षति नहीं पहुंचा सके। धीरे-धीरे श्रीकृष्ण और अवतार थे, कोई क्षति नहीं पहुँचा सके।

धीरे-धीरे श्रीकृष्ण और बलराम जी किशोरी अवस्था में पहुंचे और जब कंस के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस को सिंहासन से खींच कर मार डाला।

आकाश से पुष्प वर्षा होने लगी और वाद्ययंत्र बज उठे नारद जी ने भी वीणा पर स्वरों को छेड़ते हुए अपने आराध्य देव श्री नारायण का स्तुति गान किया।

दुश्मन से नफरत नहीं, देश प्रेम की वजह से आखिरी सांस तक लड़ता है भारतीय सैनिक : राजनाथ सिंह

'राष्ट्र प्रेम के बारे में हमारे सैनिकों का बखान शब्दों से नहीं किया जा सकता'

दर्पण न्यूज सर्विस
लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय सैनिक दुश्मन से नफरत की वजह से अपनी आखिरी सांस तक नहीं लड़ता है, बल्कि देश प्रेम के कारण वह लड़ता है। लखनऊ में आयोजित सैन्य और युद्ध प्रदर्शन 'शौर्य संध्या' को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, "भारतीय सैनिक जब अपनी आखिरी सांस तक दुश्मन से लड़ता है, तो वह इसलिए नहीं लड़ता क्योंकि वह दुश्मन से नफरत करता है, बल्कि वह इसलिए लड़ता है क्योंकि वह अपने देश से प्यार करता है। उन्होंने कहा, यही देशभक्ति उसके अंदर साहस की ऐसी भावना भरती है, जिससे प्रेरणा पाकर वह अपने प्राणों तक को दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटता।" रक्षा मंत्री ने कहा, "राष्ट्र प्रेम की जब बात आती है, तो मुझे ऐसा लगता है कि इस बारे में

'राष्ट्रभक्ति साहस व मानवता जैसे मूल्य भारतीय सैनिकों में अंतर्निहित हैं'

हमारे सैनिकों का बखान शब्दों से तो किया ही नहीं जा सकता।" उन्होंने कहा, "किसी भारतीय सैनिक के अंदर देश प्रेम की कैसी लहर दौड़ रही है, इस बात का परिचय आपको करगिल की वह चोटियां देंगी, जहां पर सांस लेने के लिए ऑक्सीजन तक की कमी है, लेकिन हमारे सैनिक इस मातृभूमि के प्रति अपने प्रेम के कारण वह कष्ट भी हंसते-हंसते सह रहे हैं।" सैनिकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, "राष्ट्रभक्ति साहस व मानवता जैसे मूल्य भारतीय सैनिकों में अंतर्निहित हैं।" उन्होंने कहा, "यह भारतीय सैनिकों की मानवता है कि 90,000 से

अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बावजूद, हमने उनके साथ कभी दुर्व्यवहार नहीं किया। हमने हमेशा उन सैनिकों के साथ उसी तरह व्यवहार किया, जैसे एक इंसान दूसरे इंसान के साथ करता है। रक्षा मंत्री ने भारतीय सैनिक के अद्वितीय चरित्र के बारे में बात की, जो देश के सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है। उन्होंने देशभक्ति, साहस, मानवता और भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा को एक सैनिक के चार सबसे महत्वपूर्ण गुण बताए। सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और राहत एवं बचाव अभियानों में भी योगदान देते हैं। मंत्री ने कहा, हमारे अपने पड़ोस में, हम सेना और उनके संवैधानिक मूल्यों के बीच अलगाव देख सकते हैं। लेकिन, संवैधानिक मूल्यों के प्रति भारतीय सेना की भक्ति अतुलनीय है। सिंह ने यह भी कहा, "सरकार सिर्फ वर्तमान सैनिकों के लिए ही नहीं, बल्कि भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। चाहे वह वन रैंक, वन पेंशन की बात हो, उनके लिए स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करने की बात हो, उनके पुनःनियोजन की बात हो या फिर उनके सम्मान की बात हो, हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) जी के नेतृत्व में जब से हमारी सरकार आई है, तब से हमने सेना के सुदृढ़ीकरण की ओर विशेष ध्यान दिया है।" दिल्ली से बाहर थल सेना दिवस मनाए जाने का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, कई वर्षों से थल सेना दिवस मनाया जाता रहा है। इस परंपरा में हमने बदलाव किया और प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से अब सेना दिवस दिल्ली से बाहर दूसरे शहरों में भी आयोजित किया जा रहा है। इस साल सेना दिवस परेड के लिए लखनऊ को आयोजन स्थल के रूप में चुना गया है।

ईडी ने बीआरएस नेता कविता को दिल्ली आबकारी मामले में कल पूछताछ के लिए तलब किया

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को नये दौर की पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 45 वर्षीय बेटी कविता को मंगलवार को दिल्ली में जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि हो सकता है कि वह एजेंसी के सामने पेश नहीं हों और उन्होंने एक ईमेल के माध्यम से जांच अधिकारी को अपना निर्णय बता दिया है। कविता के वकील नितेश राणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "उच्चतम न्यायालय का एक आदेश है जिसमें कहा गया है कि ईडी इस मामले में के. कविता को तलब नहीं कर सकती।' ईडी सूत्रों ने कहा कि बीआरएस नेता को पिछले साल उच्चतम न्यायालय से अस्थायी राहत मिली थी जो अब मान्य नहीं है। इस मामले में पिछले साल कविता से तीन बार पूछताछ की गई है और केंद्रीय एजेंसी ने

धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान भी दर्ज किया था। बीआरएस की विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) कविता ने अतीत में कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ईडी का उपयोग कर रही है क्योंकि भाजपा तेलंगाना में पिछले दरवाजे से प्रवेश हासिल नहीं कर सकती। ईडी ने मामले के सिलसिले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चौथा समन जारी किया है और 18 जनवरी को एजेंसी के सामने पेश होने को कहा है। पिछली बार जब कविता ईडी के सामने पेश हुई थीं, तो समझा जाता है कि उनका सामना हैदराबाद के व्यवसायी और मामले के आरोपी अरुण रामचंद्रन पिल्लई के बयानों से कराया गया था, जिनके कथित तौर पर उनके (कविता) साथ करीबी संबंध हैं। ईडी ने कहा था कि पिल्लई ने कविता और अन्य से जुड़े एक कथित शराब कार्टेल साउथ ग्रुप का प्रतिनिधित्व किया था, जिसने 2020-21 के लिए अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति के तहत राष्ट्रीय राजधानी के बाजार में एक बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को लगभग 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। ईडी के अनुसार, साउथ ग्रुप में सरत रेड्डी (अरबिंदो फार्मा के पूर्व प्रवर्तक), मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (आंध्र प्रदेश में ओंगोल लोकसभा सीट से वाईएसआर कांग्रेस सांसद), उनके बेटे राघव मगुंटा, कविता और अन्य शामिल हैं। ईडी ने पिल्लई के हिरासत कागजात में यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने मामले में कविता के बेनामी निवेश का प्रतिनिधित्व किया।' इस मामले में कविता से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूछताछ की थी। धनशोधन का ईडी मामला सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए दर्ज किया गया था।

कांग्रेस नेताओं ने अयोध्या में सरयू में स्नान व प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन किया

दर्पण न्यूज सर्विस
अयोध्या/लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर को अयोध्या पहुंचकर पवित्र सरयू में स्नान किया और प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। हालांकि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश पार्टी इकाई के प्रभारी अविनाश पांडेय, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राय, वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रताप सिंह, सांसद दीपेंद्र हुड्डा और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस, उप्र इकाई के प्रमुख कैप्टन बंशीधर मिश्र व अन्य ने सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगाई तथा रामलला और हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन किए। कांग्रेस प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि प्रतिनिधित्व मंडल के सदस्यों ने रामलला की पावन भूमि अयोध्या धाम

के नया घाट पर आस्था की डुबकी लगाकर बाबा नागेश्वर महादेव का दर्शन-पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने बताया, इस दौरान नया घाट पर पंडा समाज ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट किये। इसके पश्चात हनुमानगढ़ी में माथा टेककर महावीर बजरंग बली हनुमान जी की आराधना की। पाठक ने बताया, इसी दौरान श्री मणिराम दास जी ने प्रभारी अविनाश पांडेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को उपहार स्वरूप मारूतिनन्दन जी का प्रिय शस्त्र गदा भेंट किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद राय एवं प्रदेश प्रभारी पांडेय ने अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पहुंचकर श्री राम लला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

मध्य असम में 3.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

गुवाहाटी। मध्य असम में सोमवार शाम को 3.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, सात बजकर 12 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिसका केंद्र ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी तट पर पूर्वी कार्बी आंगलोंग जिले में जमीन से 23 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के केंद्र का सटीक स्थान नगालैंड सीमा के पास गुवाहाटी से लगभग 170 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में था। पश्चिम कार्बी आंगलोंग, होजई, दिमा हसाओ, गोलाघाट और नागांव जिलों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किये। बुलेटिन के मुताबिक, नगालैंड और मणिपुर के कुछ इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये। बुलेटिन में बताया गया कि भूकंप में किसी के घायल होने या किसी प्रकार से संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। पूर्वोत्तर क्षेत्र उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आता है, जिसकी वजह से यहां लगातार भूकंप आते रहते हैं।

राजनीतिक कार्यक्रम होने के कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह निमंत्रण अस्वीकार किया : कांग्रेस

दर्पण न्यूज सर्विस
सेनापति (मणिपुर)

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वह 'नास्तिक पार्टी' नहीं है कि मंदिर या धार्मिक अनुष्ठान का विरोध करेगी, लेकिन उसने निमंत्रण इसलिए अस्वीकार किया कि यह एक 'राजनीतिक' कार्यक्रम है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि 22 जनवरी का यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के चलते जल्दबाजी में आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी तथा अधीर रंजन चौधरी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण पिछले हफ्ते सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया था। पार्टी ने भाजपा-आरएसएस (भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) पर इसे चुनावी फायदे के लिए 'राजनीतिक परियोजना' बनाने का

आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 'कांग्रेस सर्वधर्म समभाव (सभी धर्मों को समान सम्मान) में यकीन करती है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस किसी धर्म या धार्मिक कार्यक्रम या भावना के खिलाफ नहीं है। यह सर्वधर्म समभाव में यकीन करती है और ऐसा शुरूआत से ही रहा है। (महात्मा) गांधीजी ने भी बार-बार यह कहा था।' कुमार ने कहा कि जहां तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण की बात है, कोई भी व्यक्ति उस वक्त भगवान से मिलने जाता है जब उनका बुलावा आता है। उन्होंने कहा, 'क्या यह एक विवाह (समारोह) है कि निमंत्रण की जरूरत पड़ी? निमंत्रण देने वाले वे कौन होते हैं? भगवान जब लोगों को बुलाते हैं तो लोग जाते हैं। हम भक्त हैं। ईश्वर व्यक्तिगत आस्था का विषय हैं और यह दिखावा करने की चीज नहीं है।' कुमार ने आरोप लगाया, 'हर कोई जानता है कि वे (भाजपा-आरएसएस) क्यों यह कर रहे हैं। कोई भी आपको बता देगा कि चुनाव के चलते यह जल्दबाजी में किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस ने 22 जनवरी के 'राजनीतिक कार्यक्रम' का निमंत्रण सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया। कुमार ने कहा, 'हम मंदिर जाएंगे, क्यों नहीं जाएंगे? आप देखेंगे कि इस (भारत जोड़ो न्याय) यात्रा के दौरान ही हम कई मंदिरों में जाएंगे।

संक्षिप्त-समाचार

नवी मुंबई में बिल्डर की हत्या के मामले में पत्नी और कार चालक गिरफ्तार

ठाणे। नवी मुंबई पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसने 14 जनवरी को सीवुड्स में एक बिल्डर की हत्या के मामले में उसकी पत्नी और कार चालक को गिरफ्तार किया है। बिल्डर, सीवुड्स स्थित अपने कार्यालय में मृत मिला था। पुलिस उपायुक्त (जोन आई) विवेक पंसारे ने संवाददाताओं को बताया कि मनोज कुमार रामनारायण सिंह (39) की उनकी पत्नी पूनम सिंह (34) और उनके कार चालक राजू उर्फ शमशुल अबुहुरेरा खान (22) ने मिलकर कथित तौर पर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पूनम और खान के बीच कथित संबंध था। अधिकारी ने बताया कि दोनों को तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपराध के सबूत नष्ट करने के लिए कार्यालय में लगे सीसीटीवी उपकरण को भी नुकसान पहुंचाया था। अधिकारी के मुताबिक, 'दोनों को 14 जनवरी को हुई हत्या के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। बिल्डर कई कानूनी मामलों में फंसा हुआ था, जिसकी वजह से दोनों को कमाई के नुकसान की आशंका थी। बिल्डर मनोज के सिर और चेहरे पर लोहे की छड़ों से वार कर उसकी हत्या की गई थी।' उपायुक्त ने बताया कि दोनों आरोपियों को 18 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया और एनआरआई थाने में दर्ज मुकदमे की जांच जारी है।

ईडी ने धन शोधन मामले में पंजाब के पूर्व वन मंत्री धर्मसोत को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित वन घोटाले से जुड़ी धन शोधन जांच में सोमवार को कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व वन मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने 64 वर्षीय राजनेता को जालंधर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। ईडी ने पिछले साल नवंबर में धर्मसोत, राज्य के एक अन्य वन मंत्री संगत सिंह गिलजियान, कुछ वन विभाग के अधिकारियों और अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। यह जांच राज्य वन विभाग में पेड़ों की कटाई के लिए परमिट जारी करने और विभाग में स्थानांतरण/तैनाती के लिए 'घूस' के आरोपों से संबंधित है। धर्मसोत पांच बार विधायक रहे हैं और पिछले साल पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने कथित रूप से आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया था।

छत्तीसगढ़ में झोपड़ी में आग लगने से दंपति और 12 वर्षीय बेटे की झुलसकर मौत

कबीरधाम। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में एक दंपति और उनका 12 वर्ष का बेटा शामिल है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना जिले के नागाडबरा गांव की है, जहां एक झोपड़ी में बुधराम (35), उनकी पत्नी हीरामती (32) और उनके बेटे जान्हू के शव झुलसे हुए पाये गये। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों द्वारा सूचित किए जाने के बाद पुलिस का एक दल सोमवार सुबह मौके पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गांववालों ने पुलिस को बताया कि परिवार एक विवाह कार्यक्रम से रविवार देर रात ही घर लौटा था। अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है एलपीजी सिलेंडर से गैस के रिसाव के कारण झोपड़ी में आग लग गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

लोगों को वापस अपने राज्य में लौटने, आजीविका में मदद कर सकते हैं बैंक : धामी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि बैंक, 'रिवर्स माइग्रेशन' (वापस अपने प्रदेश लौटने) की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसके लिए बैंकों को राज्य के सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद और पात्रता रखने वाले लोगों के लिए ऋण वितरण प्रक्रिया को सरल बनाना होगा। धामी ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तत्वावधान में आयोजित राज्य क्रेडिट सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा, 'सरकार 'रिवर्स माइग्रेशन' की दिशा में लगातार काम कर रही है, बैंकों को भी इस मिशन में भागीदार बनना चाहिए।' रिवर्स माइग्रेशन एक शब्द है जिसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जाता है जो अपने राज्य के बाहर काम करने के बजाय अपने घरों को लौटते हैं और वहां अपनी आजीविका कमाते हैं। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में ऋण आवंटन के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। जरूरतमंद लोगों को आसानी से ऋण उपलब्ध हो सके, इसकी बेहतर व्यवस्था की जाए। नाबार्ड की ऋण योजना के आवंटन के लिए प्रत्येक बैंक शाखा को एक निश्चित लक्ष्य के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा, "राज्य के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों का विकास तो जरूरी है ही, यह हमारे 'रिवर्स माइग्रेशन' मिशन के लिए भी बहुत जरूरी है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति बागवानी, सुगंधित पौधे, औषधीय पौधे, डेयरी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम खेती और जैविक कृषि के लिए सबसे अनुकूल है। उन्होंने सुझाव दिया कि बैंक इन क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए विशेष शिविर चला सकते हैं। उन्होंने रूद्रप्रयाग, बागेश्वर और टिहरी को ऋण की कमी वाले जिले बताते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में ऋण आवंटन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। धामी ने कहा कि उत्तराखंड में कृषि, बागवानी और लघु एवं मझोले क्षेत्र के उद्योगों के विकास के लिए नाबार्ड ने इस वर्ष 40,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना तैयार की है, जो पिछले वर्ष से 33 प्रतिशत अधिक है।

अदन की खाड़ी में अमेरिकी स्वामित्व वाले पोत पर मिसाइल हमला

यरूशलम। यमन से दागी गई मिसाइल के जरिये सोमवार को अदन की खाड़ी में अमेरिकी स्वामित्व वाले एक पोत पर हमला किया गया। एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। 'एम्ब्रे एंड द्रयाद ग्लोबल' ने पोत की पहचान मालवाहक पोत 'ईगल जिब्राल्टर' के रूप में की है। पोत का स्वामित्व कनेक्टिकट स्थित फर्म 'ईगल बल्क' के पास है, जो न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में कारोबार करती है। कंपनी ने कई बार अनुरोध के बावजूद कोई टिप्पणी नहीं की है। किसी भी समूह ने तुरंत हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। हालांकि, यमन के हूती विद्रोही इस क्षेत्र में कई देशों के पोत को निशाना बनाते हैं।

बिहार में पार्किंग विवाद में चार लोगों की मौत

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले में कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में सोमवार को चार लोगों की मौत हो गई जिनमें से तीन पड़ोसी झारखंड के रहने वाले थे। औरंगाबाद के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद अमानुल्ला खान के अनुसार, घटना नबीनगर इलाके में हुई जहां एक दुकानदार ने अपनी दुकान के सामने एक कार को खड़ी करने पर आपत्ति जताई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इसके बाद कार में सवार एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और गोली चला दी, जिससे एक बुजुर्ग राहगीर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इससे स्थानीय लोग भड़क गए और उन्होंने कार में बैठे लोगों की पिटाई कर दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। उन्होंने कहा, घटना में दो अलग-अलग समुदायों के सदस्य शामिल हैं, लेकिन झड़प का कारण सांप्रदायिक नहीं था। फिर भी, घटनास्थल पर किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए बल की तैनाती की गई है। पुलिस उपाधीक्षक के मुताबिक, कार झारखंड के पलामू जिले से आई थी और उसमें सवार लोग हैदरनगर इलाके के रहने वाले थे।

दिल्ली में फोन पर बहन की शिकायत सुनकर युवक ने अपने जीजा की पिटाई की, मौत

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में 39 वर्षीय युवक को उसके साले ने अपने दोस्तों की मदद से पहले घर से घसीटकर बाहर निकाला और फिर उसकी क्रूरता पूर्वक पिटाई कर दी जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी की बहन ने पति से विवाद के बाद फोन करके अपने भाई से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि घटना 29 दिसंबर की है जिसमें राकेश घायल हो गया था। पुलिस ने कहा कि राकेश की सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है। वीडियो में कुछ लोग राकेश को उसके घर से बाहर घसीटते, उसे लात और पत्थर से मारते नजर आ रहे हैं। लेकिन बाद में आरोपी घायल राकेश को सड़क पर पड़ा छोड़कर मौके से भाग गए। पुलिस ने कहा कि 29 दिसंबर को राकेश की

अपनी पत्नी से बहस हो गई थी जिसके बाद उसने अपने भाई को फोन किया और उसे इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाद में उसका भाई अपने दोस्तों के साथ दिल्ली पहुंचा और राकेश की बेरहमी से पिटाई कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि राकेश के भाई मुकेश ने इस बारे में 31 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 452 (अनाधिकार प्रवेश), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) आदि धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने कहा, 'राकेश की इलाज के दौरान सोमवार तड़के मौत हो गई। हमने शव को कब्जे में ले लिया है और शव परीक्षण के लिए भेज दिया है।'

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को केरल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे

कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को केरल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह गुरुवायूर श्री कृष्ण मंदिर और त्रिप्रयार श्रीराम स्वामी मंदिर सहित त्रिशूर जिले के दो प्रमुख मंदिरों के दर्शन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी मंगलवार शाम को बंदरगाह शहर पहुंचेंगे और महाराजा कॉलेज मैदान से करीब 1.3 किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए शाम पांच बजे अतिथि गृह पहुंचेंगे। भाजपा नेता ने बताया कि बुधवार को प्रधानमंत्री गुरुवायूर मंदिर जाएंगे और भगवान श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और उसके बाद अभिनय जगत से राजनीति में आए सुरेश गोपी की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री बुधवार को त्रिशूर जिले के त्रिप्रयार श्रीराम स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद कोच्चि लौटेंगे जहां पर करीब 6000 'शक्ति केंद्र' प्रभारियों की बैठक में शामिल होंगे।

फिल्म 'एनिमल' के सह-निमार्ता ने ओटीटी रिलीज पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्म 'एनिमल' के सह-निमार्ता 'सिने 1 स्टूडियोज' ने फिल्म को ओटीटी समेत अन्य मंचों पर रिलीज करने से रोकने के लिए सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और 26 जनवरी को 'ओवर-द-टॉप' (ओटीटी) मंच 'नेटफ्लिक्स' पर रिलीज की जानी है। 'सिने 1 स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड' ने अदालत के समक्ष समझौते के उल्लंघन का दावा करते हुए कहा कि उसे एक पैसा भी नहीं दिया गया जबकि प्रतिवादी और एक अन्य सह-निमार्ता 'सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड' ने दलील दी कि वादी को 2.6 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जिसके बारे में उसने अदालत के सामने खुलासा नहीं किया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने प्रतिवादी द्वारा वादी को 2.6 करोड़ रुपये के भुगतान के बारे में रखे गए

दस्तावेज का अवलोकन किया। न्यायाधीश द्वारा दावा किए गए भुगतान के बारे में पूछे जाने पर, 'सिने 1 स्टूडियोज' के वकील ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि दस्तावेज उनके संज्ञान में नहीं लाया गया था। वकील ने कहा कि वह अपने मुवक्किल से निर्देश लेंगे और अदालत को अवगत कराएंगे। अदालत को बताया गया कि वादी के वकील सुनवाई की अगली तारीख 18 जनवरी को 'सिने 1 स्टूडियोज' के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मुराद खेतानी की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। 'सिने 1 स्टूडियोज' की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संदीप सेठी ने कहा कि वादी को फिल्म द्वारा अर्जित राजस्व, बॉक्स ऑफिस पर इसकी आय, संगीत, उपग्रह या इंटरनेट अधिकारों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

'डंकी रूट' से लोगों को यूरोप भेजने के नौ आरोपी गिरफ्तार: दिल्ली पुलिस

दर्पण न्यूज सर्विस
नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दावा किया कि अवैध दस्तावेजों के आधार पर लोगों को यूरोपीय देशों में भेजने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों समेत नौ लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी काम के फर्जी परमिट हासिल करके कुख्यात डंकी रूट का इस्तेमाल कर रहे थे और प्रत्येक यात्री से 15 लाख रुपये तक वसूल रहे थे। 'डंकी रूट' एक अवैध आप्रवासन तकनीक है जिसका उपयोग देशों में अनधिकृत प्रवेश के लिए किया जाता है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अचिन गर्ग के अनुसार, गिरोह का पदार्फाश होने की शुरूआत चार जनवरी को बांग्लादेशी नागरिकों मोहम्मद अनवर काजी (22) और मोहम्मद खलीलुर रहमान (22) की गिरफ्तारी के साथ शुरू हुई। गर्ग ने कहा, काजी और रहमान की गिरफ्तारी के बाद अली अकबर, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद मुदस्सिर खान, नरेंद्र आर्य,

धीरज बिश्नोई, गौरव गुलाटी और मोहम्मद यूनुस को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि अली अकबर और यूनुस खान भी बांग्लादेशी नागरिक हैं और वे दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस ने कहा कि काजी और रहमान ने जांचकताओं को बताया है कि उन्होंने ग्रीक वर्क परमिट हासिल करने के लिए यूनुस खान, इब्राहिम और अकबर को जाली दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। अधिकारी ने कहा, यूनुस खान, इब्राहिम और अकबर को दक्षिणपूर्वी दिल्ली के सरिता विहार से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 12 पासपोर्ट, 10 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, तीन पेन ड्राइव, एक इंकजेट प्रिंटर, 150 व्यक्तियों के बांग्लादेश के 150 नोटरी दस्तावेज, 50 बांग्लादेश पुलिस क्लीयरेंस प्रमाणपत्र और डायरी तथा पीड़ितों की सूची जैसे कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए।

बैठक

बैठक में द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की

जयशंकर दोनों पक्षों के बीच जारी उच्च स्तरीय संवाद के तहत ईरान के दौरे पर हैं

दर्पण न्यूज सर्विस
तेहरान

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को यहां अपने ईरान के समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय विकास की समीक्षा की। जयशंकर दोनों पक्षों के बीच जारी उच्च स्तरीय संवाद के तहत ईरान के दौरे पर हैं। जयशंकर ने अमीर-अब्दुल्लाहियन की तेहरान में हुई मुलाकात के दौरान चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण संपर्क परियोजना में भारत की भागीदारी के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पर चर्चा की। मुलाकात के

दौरान क्षेत्र में नौवहन से जुड़े खतरों के बारे में भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। ईरान की समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने कहा, उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी चर्चा की। इससे पहले सोमवार को जयशंकर ने अपने ईरान में सड़क और शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बज़्नपाश से मुलाकात कर-के अपने कार्यक्रम की शुरूआत की। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्

बेहतरीन फिल्मों के लिए वार्षिक फिल्म पुरस्कार शुरू करेगी प्रदेश सरकार: सुखविंदर सिंह सुक्खू

बेहतर सुविधाओं के साथ प्रदेश में विकसित होंगे उत्कृष्ट फिल्म शूटिंग स्थल

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज गुवाहाटी के प्रसिद्ध कामाख्या शक्तिपीठ में माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

दर्पण न्यूज सर्विस
शिमला

हिमाचल प्रदेश को फिल्म निर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने हाल ही में एक व्यापक फिल्म नीति को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और यहां के नैसर्गिक स्थल फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त हैं। प्रदेश में पूर्व में अनेक सुपर हिट फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है और प्रदेश सरकार राज्य में फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा प्रदान कर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है।

नई फिल्म नीति हिमाचल को फिल्म निर्माण के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगी। राज्य के इतिहास, संस्कृति, विरासत, परम्पराओं और अनछूए गंतव्य स्थलों को प्रसारित करने में भी यह नीति सहायक सिद्ध होगी। इस नीति का उद्देश्य फिल्म उद्योग के माध्यम से प्रदेश में अतिरिक्त निवेश को आकर्षित करना है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में एक फिल्म सुविधा सेल स्थापित किया जाएगा जो फिल्म निर्माण की अनुमति के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करेगा और तीन कार्य दिवस में एक त्वरित ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। यह सेल निमार्ताओं को आवश्यक अनुमति प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने के साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेब पोर्टल से जुड़े केन्द्रीय कोष के रूप में भी कार्य करेगा। फिल्म निमार्ताओं को बेहतर सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट फिल्म शूटिंग स्थलों की पेशकश की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन उपकरणों को सूचीबद्ध कर निजी कंपनियों को प्रोडक्शन हाउस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में कम से कम 50 प्रतिशत शूटिंग के साथ बेहतरीन फिल्मों के लिए वार्षिक फिल्म पुरस्कार शुरू करेगी। इसके साथ ही प्रदेश के प्रतिभावान बच्चों और युवाओं को कलाकार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ललित कला और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की प्रतिभाओं को निखार कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। फिल्म फेस्टीवल, पुरस्कार और संबंधित गतिविधियों के आयोजन के दृष्टिगतएक फिल्म विकास निधि भी निर्मित की जाएगी। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा इसका प्रबंधन हिमाचल प्रदेश फिल्म विकास परिषद् के मार्गदर्शन में किया जाएगा। फिल्म विकास परिषद् राज्य में फिल्म क्षेत्र के विकास के लिए रणनीति तैयार करेगी और आवश्यक अधोसंरचना के विकास एवं स्तरोन्नयन के लिए प्रदेश सरकार को आवश्यक सिफारिश भी करेगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नई फिल्म नीति समग्र रूप से फिल्म निमार्ताओं के लिए सुव्यवस्थित सुविधा के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर तथा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को प्रोत्साहन प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को फिल्म उद्योग के लिए एक जीवंत स्थल बनाने के दृष्टिगत यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

हिमाचल के कई जिले शीतलहर की चपेट में

- ऊना सहित सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान माइनस में

दर्पण न्यूज सर्विस
शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई जिले शीतलहर की चपेट में आ गए हैं। मैदानी जिलों ऊना व मंडी सहित प्रदेश में सात स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कड़ाके की ठंड, कोहरे और शीतलहर से अभी राहत के आसार कम हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के मैदानी जिलों में 16 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया। केंद्र के अनुसार दो दिनों के दौरान सुबह के समय मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा (नूरपुर), सिरमौर (पांवटा साहिब-धौलाकुआं) और सोलन (बद्दी- नालागढ़) के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

वाहन चालकों को सुबह के समय सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है। सोमवार सुबह भी इन क्षेत्रों में कोहरे व ठंड से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। उधर, राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में 16 व 17 जनवरी को बारिश-बर्फबारी का पूवार्नुमान है। 18 जनवरी से सभी भागों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। वहीं, आज राजधानी शिमला व अन्य ऊपरी क्षेत्रों में मौसम साफ बना हुआ है। शिमला में न्यूनतम तापमान 6.4, सुंदरनगर -0.7, भुंतर 0.0, कल्पा -0.2, धर्मशाला 6.2, ऊना -1.8, नाहन 6.1, केलांग -4.6, पालमपुर 3.0, सोलन 0.4, मनाली 1.2, कांगड़ा 3.8, मंडी -1.5, चंबा 2.4, डलहौजी 6.4, जुब्बड़हट्टी 5.2, कुफरी 5.9, कुकुमसेरी -9.4, नारकंडा 4.0, भरमौर 5.2 , रिकांगपिओ 2.1, धौलाकुआं 3.4, बरठीं -0.6, समदो 3.3, पांवटा साहिब 6.5, सराहन 3.5 और देहरागोपीपुर में 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हिमाचल में दुनिया के सबसे ऊंचे फिडलहैड स्कल्पचर का लोकार्पण, गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में नाम

दर्पण न्यूज सर्विस
धर्मशाला

स्मार्ट सिटी धर्मशाला में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने दो सौगातें हिमाचल वासियों के नाम कर दी। सुधीर शर्मा ने धर्मशाला के कचहरी चौक पर 150 मीटर ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने दाडी में दुनिया के सबसे ऊंचे फिडलहैड लुंगडू स्कल्पचर का भी लोकार्पण किया। यह फडलहैड लुंगडू स्कल्पचर दुनिया में सबसे ऊंचा बताया जा रहा है। जिसे सत्यापन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स को लिखा गया है। सुधीर शर्मा ने कहा कि सबसे ऊंचा तिरंगा व फडलहैड लुंगडू धर्मशाला में पर्यटन का नया अध्याय लिखेंगे। देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए ये आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

इससे पहले कचहरी चौक पर तिरंगे का लोकार्पण करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट के तहत यह तिरंगा लगाया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि इससे पहले तिरंगे का ट्रायल किया गया था। इसके बाद इस तिरंगे को जनता के नाम समर्पित किया गया है। सुधीर शर्मा ने बताया कि स्मार्ट सिटी के 75 प्रोजेक्टों में स्मार्ट रोड एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। धर्मशाला में इस प्रोजेक्ट पर अब तेजी से काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि जिस समय यह परियोजना बन रही थी, उसी समय उन्होंने इस बारे में एक सपना देखा था। वह चाहते थे कि धर्मशाला शहर में किसी एक जगह ऊंचा तिरंगा स्थापित किया जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले सैलानियों को अच्छा संदेश दिया जा सके। कांग्रेस के

राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि यह तिरंगा दिन-रात रोशनी से जगमग होगा। धर्मशाला में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा, एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम, शहीद स्मारक, शिक्षा बोर्ड, जिला मुख्यालय आदि प्रमुख पहचान हैं।

इसके अलावा कृषि, बागवानी, पशुपालन, एक्साइज, इंडस्ट्रीज, दर्जनों बैंक, अस्पताल के अलावा पर्यटन निगम के व प्राइवेट होटल हैं। इनमें रोजाना हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इन लोगों में हाई एंड टूरिस्ट भी शामिल रहते हैं। ऐसे में 150 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा हर किसी को आकर्षित करेगा। देश-दुनिया में सारा शहर फिर से ट्रेंड करने लगेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने इसके लिए समूचे धर्मशाला हलके, कांगड़ा जिला व प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

सुधीर शर्मा ने आगे कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत सभी प्रोजेक्ट तेजी से चल रहे हैं। इसके अलावा नगर निगम के सभी वार्डों में काम रफ्तार पकड़ रहा है। आमजन की सुविधा के लिए उन्होंने दाड़ी, धर्मशाला शहर व ढगवार में विधायक आफिस खोले हैं, जहां से जनता की समस्याएं उन तक पहुंच रही हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला हलके में समग्र विकास किया जा रहा है। सडकों और पुलों का काम तेजी पकड़ रहा है।

गेस्ट टीचर भर्ती बेरोजगार युवाओं की प्रतिभा का अपमान : महेंद्र धमार्णी

- एक लाख सरकारी नौकरी देने से मुकरी सरकार
- बैक डोर इंट्री की चाबी है गेस्ट टीचर भर्ती

दर्पण न्यूज सर्विस
शिमला

भारतीय जनता पार्टी सुखु सरकार द्वारा गेस्ट टीचर भर्ती को युवाओं के साथ धोखा करार देती है और इसे युवाओं की प्रतिभा का अपमान व शोषण करार देती है। भाजपा प्रवक्ता ने सरकार पर आरोप लगाते हुई कहा कि एक साल में एक लाख नौकरी देने की गारंटी के साथ सत्ता में आयी सुकखु सरकार आज अपने चहेतों को लाभ देने के लिए इस प्रकार की योजनाओं लाकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चयन बोर्ड को बंद करके मेरिट को दरकिनार कर आज सरकार गेस्ट टीचर भर्ती के माध्यम से युवाओं को 200-300 प्रति पीरियड मानदेय देकर युवाओं की डिग्री व उपाधि का अपमान कर रही है। सरकार युवाओं की बेरोजगारी और उनकी मजबूरी का लाभ उठा कर इसी योजनाओं के माध्यम से उनका शोषण करने का प्रयास करना चाहती है।

प्रवक्ता धमार्णी ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले रोजगार के नए अवसर पैदा करने व पद सृजित करने का वादा भी किया था परन्तु आज हाल यह है कि खाली पड़े पदों को आजतक सरकार भर नहीं पाई उल्टा चोर दरवाजे से भर्ती कर बेरोजगारों को ठग रही है।उन्होंने सरकार से सवाल किया कि झूठी सरकार अपनी झूठी गारंटीयों का खुलासा करे और ये बताये कि पहली कैबिनेट में जो एक लाख नौकरियां देनी थी उनका क्या हुआ? भाजपा प्रवक्ता धमार्णी ने कहा भाजपा युवा विरोधी और युवाओं का शोषण करने वाली सरकार की इस नीति को गलत मानती है और इसे तुरंत वापिस लेने कि मांग करती है साथ ही यह भी मांग करती है कि सरकार अपने चुनावी वायदे के अनुसार 1लाख सरकारी नौकरी दे और सरकारी चयन आयोग बोर्ड के माध्यम से पढ़े लिखें बेरोजगार युवाओं को स्वाभिमान और सम्मान से नौकरी प्रदान करें ताकि वे सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके।

राज्यपाल ने सेना दिवस पर आर्मी मेले की अध्यक्षता की

दर्पण न्यूज सर्विस
शिमला

भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आज शिमला के अनाडेल में ह्यआर्मी मेलेह्न का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। राज्यपाल ने कहा कि यह एक महत्त्वपूर्ण अवसर है जब हम भारतीय सेना के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अटूट प्रतिबद्धता और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हैं। यह उन बहादुर सैनिकों को सम्मानित करने का दिन है जो साहस, समर्पण और निःस्वार्थता के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि वीर सैनिक राष्ट्र और नागरिकों की सुरक्षा के लिए विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन सुनिश्चित करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। वह बाहरी खतरों से राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने से लेकर देश के भीतर आपदा राहत कार्यों का भी बखूबी निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि एक नागरिक के रूप में हमारे लिए सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों की सराहना और उनके योगदान के महत्व को समझना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में सेना के प्रति सम्मान बढ़ेगा और युवा पीढ़ी में भारतीय सेना में शामिल होने के लिए और अधिक उत्साह पैदा होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सेना के जवानों को सम्मानित भी किया। आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रैक) शिमला के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। इससे पहले, राज्यपाल ने मद्रास रेजिमेंट की कलारीपयट्टू टीम के मार्शल आर्ट प्रदर्शन, आर्मी डॉग स्क्वाड शो, गतका टीम और पाइप बैंड का प्रदर्शन भी देखा। इसके उपरांत राज्यपाल ने आर्मी हेरिटेज म्यूजियम का भी दौरा किया। इस अवसर पर भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, पूर्व सैनिक और उनके परिवार के सदस्य, एनसीसी कैडेट और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

आयोजन

नए मतदाताओं के लिए एपिक कार्ड, बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज के लिए राज्य पुरस्कार

25 जनवरी को गेयटी थियेटर में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

दर्पण न्यूज सर्विस
शिमला

14वां मतदाता दिवस गेयटी थियेटर में 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य थीम ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्न रखा गया है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गेयटी थियेटर में ईवीएम/वीवीपैट डेमनस्टेशन केन्द्र बनाया जाएगा, चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा मतदान संबंधी जानकारी एलईडी के माध्यम से लोगों को प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मतदाता सुविधा केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां नए और मौजूदा मतदाताओं को वोट बनाने और नवीनीकरण संबंधी सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज के लिए राज्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए पंजीकृत मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान एपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर एक मतदान केन्द्र और उपमण्डल दण्डाधिकारी कार्यालय में मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलेभर के सभी बूथ अधिकारी लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी अपने-अपने स्तर पर सभी विभागों, बोर्डों-निकायों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेंगे।

नए मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण हो सुनिश्चित

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने 20 से 29 वर्ष के पात्र छूटे मतदाताओं की पंजीकरण दर को भी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं का विभागीय डाटा मतदाता सूची से मिलाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी दिव्यांग मतदाता सूची से बाहर न रहे। उन्होंने बताया कि चुनाव पाठशाला गतिविधियां हर माह के पहले शनिवार को और मतदान साक्षरता क्लब की गतिविधियां हर तीसरे शनिवार को प्रत्येक मतदान केन्द्र और सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला ग्रामीण निशांत कुमार, तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त-समाचार

मुम्बई में बसे हिमाचलियों ने लोहड़ी त्यौहार का आयोजन किया

शिमला। देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में बसे हिमाचलियों ने सिडको ऑडिटोरियम वाशी नवी मुम्बई में युवा शक्ति मित्र मण्डल के तत्वाधान में लोहड़ी त्यौहार का आयोजन किया जिसमें लगभग 1500 प्रवासी हिमाचलियों ने भाग लिया । इस आयोजन में प्रसिद्ध हिमाचली लोकगायक करनैल राणा ने पहाड़ी गानों के साथ समा बांधा । इस आयोजन में हिमाचली भेष भूषा, ड्रेस, खान पान पर प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया तथा प्रवासी हिमाचलियों ने रंगारंग पहाड़ी गीतों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अबसर पर बिभिन्न प्रतिस्पधाओं में भाग लेने बाले प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे गए। समारोह में मुम्बई से ऊना के लिए सीधी रेल गाड़ी शुरू करने का प्रस्ताब पास किया गया । इस अबसर पर लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया ।

बोधगया से ही अयोध्या जाएंगे दलाई लामा

शिमला। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा भी अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। धर्मगुरु के अयोध्या जाने का कार्यक्रम तय हो गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार दलाई लामा बिहार के बोधगया से ही सीधे अयोध्या जाएंगे। अयोध्या में राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इस कार्यक्रम के लिए दलाई लामा को विश्व हिंदू परिषद की ओर से निमंत्रण मिला है। दलाई लामा का 14 जनवरी को बिहार से मैक्लोडगंज लौटने का कार्यक्रम था। सिक्किम और पश्चिम बंगाल में टीचिंग कार्यक्रम में शामिल होने के बाद धर्मगुरु बोधगया चले गए थे। करीब एक माह से वह बोधगया में हैं। लेकिन, अब दलाईलामा बोधगया से अयोध्या जाएंगे। ऐसे में दलाईलामा के इस माह के अंत तक मैक्लोडगंज लौटने की संभावना है। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में देश-विदेश के पर्यटक व बौद्ध अनुयायी दलाईलामा के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। इन दिनों दलाईलामा के हिमाचल से बाहर होने के चलते पर्यटकों की संख्या में भी कमी आई है। दलाईलामा के चलते मैक्लोडगंज में विदेशी डेलीगेट्स का भी आना-जाना लगा रहता है। विदेशों सहित देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे निर्वासित तिब्बती और बौद्ध अनुयायी दलाईलामा की शिक्षाओं को सुनने के लिए भी यहां पहुंचते हैं।

शक्तिपीठ श्री नैना देवी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मकर संक्रांति के पर्व पर हवन यज्ञ

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर में विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में रविवार को मकर संक्रांति के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ कर पूजा अर्चना की और माताजी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। हालांकि पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा में ठंड के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में कमी दर्ज की गई थी। लेकिन मकर संक्रांति के दिन सुबह से श्रद्धालुओं का जमावड़ा मंदिर में लगा रहा और श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में पहुंचकर माताजी के दर्शन किए। मंदिर के कपाट भी सुबह दर्शनों के लिए जल्दी खोल दिए गए थे। हालांकि पिछले कुछ दिनों से बाजार में भी मंदी का दौर चला था, लेकिन आज मकर संक्रांति के दिन कारोबारी के तौर पर काफी अच्छा रहा और दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली।

शिमला में शिक्षा और जागरूकता पहल सीखो पैसे की भाषा का आयोजन

शिमला। कोटक म्यूचुअल फंड ने शिमला में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ साझेदारी में अपनी निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल सीखो पैसे की भाषा का आयोजन किया। यह पहल शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला आयोजित करके वित्तीय साक्षरता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को उनकी वित्तीय समझ को विससित करने के लिए बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाना है, और अंततः जो संभावित प्रगतिशील भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान करने में मदद कर सकता है। कोटक म्यूचुअल फंड के मार्केटिंग और एनालिटिक्स, डिजिटल बिजनेस प्रमुख किंजल शाह ने बताया इस निवेशक शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम सीखो पैसे की भाषा के माध्यम से हम वित्तीय सशक्तिकरण के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि शिक्षक हमारे देश की नियति को आकार देने और नई पीढ़ी को ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रिंसिपल चंद्रेश चौहान, आइवी इंटरनेशनल स्कूल (आइवी सिटी, संजौली-शिमला) ने कहा कि हमें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हो रही हैं जो हमारे शिक्षकों को वित्तीय मामलों और जिम्मेदार धन प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल करने में सहायता करेगा। यह कार्यक्रम उन्हें अच्छे वित्तीय निर्णय लेने और आत्मविश्वास के साथ अपने धन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में 675 से अधिक सीबीएसई शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता के बारे में शिक्षित करना और उनमें जागरूकता पैदा करना है। इनमें 50 प्रतिशत महिलाओं के होने की उम्मीद है, जो समान वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने पर जोर देती है।इस पहल के हिस्से के रूप में, कोटक म्यूचुअल फंड ने सेंटर फॉर इन्वेस्टमेंट एजुकेशन एंड लर्निंग से 500 से अधिक कुशल प्रशिक्षकों को अपने साथ जोड़ा है, जो यह सुनिश्चित करते हुए कि पूरे कार्यक्रम में गुणवत्ता और प्रासंगिकता बरकरार रखी जाए, प्रभावशाली सत्रों का नेतृत्व करेंगें।

कंगाल प्रदेश आर्थिक अकाल की ओर

सोलन। प्रतिमाह लोन लेकर केंद्र सरकार को कोसने वाली हिमाचल सरकार 13 माह में 13000 करोड़ आम जन के विश्वास को उधार रख लोन ले चुकी हैं। प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की इन उपलब्धियों की वजह से कांग्रेस सरकार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था परिवर्तन सरकार बताएं ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ के अंतर्गत कितनी योजनाओं के माध्यम से गरीब वह उपयुक्त पात्रों को प्रदेश सरकार ने लाभार्थी किया,छोटे, मध्यवर्गीय कांट्रैक्टरों से लेकर क्रसना लैब जो स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं दे रही है उनकी आज देनदारियां करोड़ में खड़ी हैं। हिम केयर कार्ड से लेकर निगमों बोर्ड के कर्मचारियों की पेंशंन व तनख्वाह लंबित पड़ी है।अपितु केंद्र सरकार को कोसने व दुष्प्रचार का कार्य निरंतर प्रगति पर है। विवेक ने कहा कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार केवल एक केयर टेकर होती है ना के मालिक माननीय मुख्यमंत्री को यह स्पष्टीकरण देना चाहिए की 13000 करोड़ के ऋण से किन को लाभार्थी बनाया गया व कहां उपयोग किया गया। क्योंकि 2017 में जयराम की सरकार आई थी तो प्रदेश का ऋण 48000 करोड़ था,2022 में जब व्यवस्था परिवर्तन हुआ तो यह ऋण 75000 करोड़ था। गौर तलब है कि 2 वर्ष कोविड रहने के पश्चात भी भाजपा सरकार ने मात्र 27000 करोड़ का ऋण लिया। वर्तमान परिवेश में 13 माह में 13000 करोड़ का ऋण जनता के कंधों पर रखना प्रदेश सरकार कि किस उपलब्धि में गिना जाएगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री बताएं गत एक वर्ष में घरेलू सकल उत्पाद जी.डी.पी दर क्या है और पूर्व में क्या थी। औद्योगिक इकाइयों से लेकर के अन्य प्रगति कार्य सब निलंबित व पलायन की स्थिति क्यों हैं।

अपना विद्यालयः जन सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की अभिनव पहल

शिमला। समाज के समावेशी विकास में मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। छात्रों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए मजबूत शैक्षणिक अधोसंरचना का निर्माण भी बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए निरंतर अभिनव पहल की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जन प्रतिनिधियों व कुशल पेशेवरों की साझेदारी से सरकारी स्कूलों में सुधार लाने के उद्देश्य से ह्यअपना विद्यालयः द हिमाचल स्कूल एडॉप्शनह्न कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत प्रदेशवासियों को राजकीय पाठशालाओं को गोद लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे वह शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने में अपना योगदान दे पाएंगे। कार्यक्रम के तहत मेरा स्कूल-मेरा गौरव अभियान प्रदेशवासियों एवं संस्थाओं को अपनी पसंद का स्कूल गोद लेने को प्रेरित करेगा।

इंडिया ओपन में चमक बिखेरने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी, सात्विक-चिराग पर होगी निगाह

पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था

दर्पण न्यूज सर्विस
नयी दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे जिसमें सभी की निगाहें सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूनामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूनामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के

भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे

लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सात्विक ने कहा, 'हम अपने देश में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इस टूनामेंट के बाद हमारी जीत दर्ज करने की भूख बढ़ी है और हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।' पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे

पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला दुनिया के 25वें नंबर के फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगे वहीं पुरुष एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी विशेषकर तब जबकि ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू घुटने की चोट के कारण इस टूनामेंट में नहीं खेल रही हैं। मलेशिया में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रणय और लक्ष्य को जल्द लय हासिल करनी होगी जबकि पिछले सप्ताह पहले दौर में जोनाथन क्रिस्टी को हराने वाले श्रीकांत उस जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। प्रणय और लक्ष्य मलेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। इंडिया ओपन में वह क्रमशः चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। श्रीकांत ओलंपिक क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। पहले दौर में उनका सामना हांगकांग के ली चेउक यियू से होगा। प्रणय अभी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर हैं और ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ में सबसे आगे हैं। दूसरे स्थान की दौड़ में श्रीकांत और लक्ष्य हैं जिनकी विश्व रैंकिंग अभी क्रमशः 24 और 17 है। महिला युगल में भी ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ काफी कड़ी हो गई है। इसके लिए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो तथा राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली दौड़ में हैं। अश्विनी और तनीषा पहले दौर में थाईलैंड की रविंडा प्राजोंगजई और जोंगकोलफान कितिथाराकुल से भिड़ेंगी जबकि त्रीसा और गायत्री का सामना जापान की चौथी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा। महिला युगल में भारत की दो ओर जोड़ियां नजर आएंगी। अश्विनी भट के और शिखा गौतम तथा श्वेतपर्णा पांडा और रुतापर्णा पांडा को रिजर्व खिलाड़ियों के बीच से ड्रॉ में जगह दी गई है। पुरुष युगल में भी एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक की जोड़ियों को टूनामेंट में खेलने का मौका मिला है।

भारत इटली पर बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगा

दर्पण न्यूज सर्विस
रांची

पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूनामेंट में शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूनामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन

अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल गुरुवार को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने अगर अमेरिका के खिलाफ अपने शुरूआती मैच में लचर प्रदर्शन किया तो न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में उसने शानदार खेल दिखाया। टीम अब इटली के खिलाफ अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रक्षा पंक्ति, मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति में शानदार तालमेल दिखाया। कोच यानेक शोपमैन को उम्मीद रहेगी कि टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी। भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अभी तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा, 'यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है। हमें धैर्य बनाए रखना होगा। हमें हर हाल में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा।' भारत के लिए यह फायदे की बात है कि उसे अपना मैच अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बाद खेलना है। इससे उसके सामने तस्वीर स्पष्ट होगी कि उसे कितने अंतर से जीत दर्ज करनी है।

डब्ल्यूएफआई की बैठक आज

दर्पण न्यूज सर्विस
नयी दिल्ली

निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) मंगलवार को यहां अपनी कार्यकारी समिति की बैठक करेगा और खेल मंत्रालय की चेतावनी के बावजूद राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के अपने फैसले से पीछे नहीं हटेगा। कार्यकारी समिति की बैठक के लिए नोटिस 31 दिसंबर को जारी किया गया था और अधिकांश राज्य संघों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। उम्मीद है कि सदस्य नए पदाधिकारियों के चुने जाने के कुछ घंटों बाद 21 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई की आम सभा के दौरान किए गए फैसलों की पुष्टि करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने घोषणा की थी कि वह 29 से 31 जनवरी तक पुणे में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करेगा जिसके बाद खेल मंत्रालय को कहना पड़ा कि महासंघ के पास सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का अधिकार नहीं है और उसके द्वारा आयोजित किसी भी टूनामेंट को अस्वीकृत और गैरमान्यता प्राप्त माना

जाएगा। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, 'हम बैठक कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सभी मान्यता प्राप्त इकाइयां बैठक में भाग लेंगी। हम पीछे नहीं हटेंगे। राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी का निर्णय एजीएम (वार्षिक आम बैठक) में लिया गया था। सदस्य फैसलों पर चर्चा करेंगे और इनकी पुष्टि करेंगे।' उन्होंने कहा, 'यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय नहीं है। एजीएम ने निर्णय लिया गया था और कार्यकारी समिति को इसे पारित करना चाहिए। हम सामूहिक रूप से फैसला करेंगे।' बैठक के एजेंडे में 'संविधान के कुछ प्रावधानों को परिभाषित करना और उनकी व्याख्या करना' भी शामिल है। सर्कुलर में संविधान का हवाला देते हुए स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि अध्यक्ष डब्ल्यूएफआई का मुख्य अधिकारी होगा।

तुर्किये ने इस्राइली फुटबॉलर पर नफरत भड़काने का आरोप लगाया

अंकारा। तुर्किये ने हमास द्वारा बंधक बनाये गए लोगों के प्रति एक शीर्ष फुटबॉल लीग मैच के दौरान एकजुटता दिखाने वाले इस्राइली फुटबॉल खिलाड़ी सागिव जेहेकेल पर नफरत भड़काने का आरोप लगाया है। उसे सुनवाई पूरी होने तक हिरासत से रिहा कर दिया गया है। अंताल्यास्पोर टीम के इस खिलाड़ी को रविवार की रात पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया था। उसने मैच के दौरान अपनी कलाई पर पट्टी बांध रखी थी जिस पर लिखा था '100 डेज 7.10 '। उसका इशारा सात अक्टूबर की तरफ था जब हमास ने इस्राइल पर हमला करके कई लोगों को बंधक बनाया था। इस्राइल के इस खिलाड़ी ने पुलिस से कहा कि वह सिर्फ इतना चाहता था कि जंग खत्म हो जाये। कानून मंत्री यिलमाज तुंक ने कहा कि जेहेकेल पर सार्वजनिक रूप से नफरत और दुश्मनी फैलाने के आरोप लगाये गए हैं। क्लब ने उन्हें टीम से निकाल दिया है और उसका अनुबंध खत्म करने को लेकर वकील से सलाह ली जा रही है।

लक्ष्य को कांस्य, मामूली अंतर से ट्रैप में ओलंपिक कोटे से चूके

दर्पण न्यूज सर्विस
कुवैत सिटी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लक्ष्य श्योराण ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरूषों की ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गए। श्योराण 50 शॉट के फाइनल में तीसरे स्थान पर रहे। 15 वर्ष के ईरान के मोहम्मद बेरानवांड ने स्वर्ण जीतकर पहला कोटा हासिल किया जबकि चीन के गुओ युहाओ ने रजत पदक के साथ दूसरा कोटा हासिल किया। श्योराण और गुओ के बीच 40 शॉट के बाद टाई हुआ था लेकिन शूटआफ में चीनी निशानेबाज ने बाजी मारी। इससे पहले वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे। महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच

दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला। कजाखस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला। जकार्ता में योगेश सिंह ने पुरूषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने टूनामेंट में 15 स्वर्ण और 33 पदक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

देसाई के सात विकेट से गुजरात ने कर्नाटक को हराया

अहमदाबाद। सिद्धार्थ देसाई के फिरकी के जादू से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन सोमवार को यहां कर्नाटक को 103 रन पर समेटकर छह रन से रोमांचक जीत दर्ज की। गुजरात के 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक ने बिना विकेट खोए 50 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर देसाई (42 रन पर सात विकेट) ने उसकी पारी को ध्वस्त कर दिया। ऑफ स्पिनर रिंकेश वाघेला (38 रन पर तीन विकेट) ने देसाई का अच्छा साथ देते हुए तीन विकेट चटकाए जिससे कर्नाटक ने 17 ओवर के भीतर 53 रन जोड़कर अपने सभी विकेट गंवा दिए। यह गुजरात की लगतार दूसरी जीत है और वह 12 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। मुलानपुर में रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर पंजाब के खिलाफ तीन अंक हासिल किए। हिमांशु सांगवान ने पहली पारी में 58 रन पर चार विकेट चटकाकर रेलवे को पहली पारी में बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। रेलवे के पहली पारी में 345 रन के जवाब में पंजाब की टीम छह विकेट पर 93 रन से आगे खेलने उतरी और 178 रन पर सिमट गई।

जिस मैच में खेलने को कहा गया उसमें खेला, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बारे में नहीं सोच रहा: अय्यर

दर्पण न्यूज सर्विस
मुंबई

श्रेयस अय्यर ना तो अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से परेशान हैं और ना ही दक्षिण अफ्रीका में लचर प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। अय्यर को अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया और मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि उनके बाहर होने का संबंध भारत के शीर्ष क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार से है। रणजी ट्रॉफी में आंध्र के खिलाफ मुंबई की जीत के बाद अय्यर ने कहा, 'देखिए, मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं। मैंने वह मैच पूरा कर लिया है जो मुझे खेलने के लिए कहा गया था (आंध्र के खिलाफ रणजी मैच)। मैं आया और मैं खेला इसलिए मैं जो कर रहा हूं उससे खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'कुछ ऐसा जो मेरे नियंत्रण

में नहीं है, मैं उस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकता। मेरा ध्यान यहां आकर मैच जीतने पर था और आज हमने यही किया।' दक्षिण अफ्रीका में खराब प्रदर्शन के बाद चयनकताओं ने अय्यर को मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने का निर्देश दिया क्योंकि वह टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। अय्यर ने 48 गेंद में 48 रन बनाये जबकि आंध्र के गेंदबाजों ने शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश की। टेस्ट श्रृंखला के बारे में पूछे जाने पर अय्यर ने कहा कि वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, 'एक समय में एक मैच पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के बारे में नहीं सोचा जाए।

पर्यटन दर्पण

पानी से घिरा एक अनोखा गांव जहां गाड़ियों के नाम पर चलती हैं केवल बोट

सोचिए अगर सड़के न हों तो कैसे चला जा पाएगा। मगर दुनिया में एक गांव ऐसा भी है जहां केवल पानी ही पानी हैं। यहां के लोग क्या करते हैं और कैसे रहते हैं, ...

फ्लोटिंग मार्केट, घर और आइसलेंड के बारे में आपने कई बार पढ़ा और सुना होगा लेकिन इन सब के अलावा एक ऐसा गाँव भी है, जिसे फ्लोटिंग गाँव कहना गलत नहीं होगा । यह गांव नीदरलैंड में है इसका नाम गिएथूर्न है। अमेसटर डैम से केवल 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह गाँव कई नहरों से घिरा हुआ है। यहां इतनी नहरें हैं कि पूरे गांव में चलने के लिए एक भी सड़क नहीं बनी है। अपनी इस अनोखी खुबसुरती के कारण दिन पर दिन यह जगह टूरिस्ट की पहली पसंन्द बनती जा रही है।

Village की खासियत

छोटा से इस गांव को लोग वीनाइस आफ नीदरलैंड कहते हैं। इसके ज्योग्राफिकल स्ट्रक्चर को देखते हुए यह नाम इस जगह पर सूट भी करता है। दरअसल इस गांव में सड़क नहीं हैं। पूरा गांव नहरों के बीच बसा है इसलिए आने जाने के लिए लोगों को बोट का सहारा लेना पड़ता है। यहां इन नाव को पंटर्स कहा जाता है। पंटर्स के अलावा यहां पर मोटर बोट्स और बिजली की मोटर बोटस भी चलती हैं। यहां रहने वाले 2600 लोग इन बोटस की मदद से ही एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। रोचक बात तो यह हैं कि डाकिया को चिट्ठी देने जाना हो या महिलाओं को खरीदारी करने, सभी इस बोट के सहारे ही घर के बाहर निकल पाते हैं। वैसे पैदल चलने का भी इस गांव में थोड़ा बहुत इंतजाम हैं- यहां 100 लकड़ी के पुल हैं जो नहर को पैदल पार करने के काम आते हैं। साथ ही इनकी मौजूदगी गांव की खूबसूरती में भी चार चांद लगा देती है। इसके अलावा यहां रहने वाले लोगों ने अपने छोटे छोटे कॉटेज बना रखें हैं, जहां गार्डन एरिया भी है। कुछ लोग अपने कॉटेज को होम स्टे के लिए टूरिस्ट को भी देते हैं।

कहां घूमें और कैसे घूमें

इस गांव में एंट्री करने से पहले आपको अपनी कार, मोटर साईकिल और साईकिल सभी कुछ शहर में ही छोड़ना पड़ेगा। फिर कर बोट के साहरे गांव में एंट्री होती है। यहां रहने के लिए कई होटल और होम स्टे हैं। यह सभी होटस पानी और बगीचों से घिरे होने के कारण बेहद खूबसूरत दिखते हैं। इस जगह की बेस्ट बात यह है कि यहां पर न तो शहर जैसी भीड़ मिलेगी और न ही गाड़ियों का शोर। हां, अगर कुछ सुनाई देगा तो वह केवल पक्षियों के चहचहाने की आवाज होगी। इसलिए शान्ती के कुछ पल बिताने के लिए यह बेस्ट जगह है। यहां घूमने के लिए कई म्यूजियम्स हैं, जहां पॉटरी वर्क और एंसिएंट फार्मिंग को देख जा सकता है। इसके अलावा यहां कई चर्च और फोर्ट्स भी हैं। इन सब के अलावा यहां शॉपिंग करने के भी ऑप्शन उपलब्ध हैं। खरीदारी के लिए यहां से ज्वेलरी खरीदे जा सकते हैं। इन सभी जगहों पर जाने के लिए आपको रेंट पर बोट लेनी पड़ेगी।

सर्दियों में लें स्केटिंग का मजा

अगर आपको स्केटिंग करने का शौक है, तो यहां ठ्ड के मौसम में जरूर आएं। विंटर्स में यहां की नहर में बर्फ जम जाती है। बर्फ जमने के बाद यहां आइस स्पोर्ट्स

भी शुरू हो जाते हैं, जिसमें स्केटिंग सबसे लोकप्रीय है। इस सीजन में पैदल चलना भी आसान हो जाता है क्योंकि पानी जम चुका होता है।

क्या हैं इस गांव की कहानी

एक समय था जब गिएथूर्न में जंगल के अलावा कुछ भी नहीं था। लोगों को इस जगह के बारे में पता भी नहीं था। 13वीं सदी में फ्रांसीस कैन मॉन्स्क पहला आदमी था, जिसने यहां आकर रहना शुरू किया। मगर 18वीं सदी तक यहां धीरे धीरे लोग आकर रहने लगे। पहले यहां सड़कें थीं। मगर एक बाढ़ आने से यहां की जमीन में काई जम गई और जमीन दलदली हो गई। लोगों ने जब इस काई को खोदना शुरू किया तो गड्ढों में पानी भरना शुरू हो गया और नहरें बनने लगी। बस तब से यह गांव नहरों से घिरा हुआ है।

नीदरलैंड घूमने की जानकारी और इसके प्रमुख पर्यटन स्थल

नीदरलैंड यूरोप महाद्वीप का बहुत ही आकर्षक देश है जोकि यूरोप के उत्तर-पूर्व में स्थित है।

नीदरलैंड का दूसरा नाम हॉलैंड भी है।

नीदरलैंड का नजारा बहुत ही खूबसूरत है जिसकी ख़ूबसूरती की खास बजह यहाँ खिलने वाले सुन्दर फूल है।

यूरोप में सबसे ज्यादा सूअर के मांस का व्यापार नीदरलैंड में ही होता है। ट्यूलिप्स की भूमि कहा जाने वाला नीदरलैंड दुनिया के सबसे विकसित देशों की श्रेणी में आता है। नीदरलैंड पर्यटन के लिए बहुत शानदार देश है।

यहाँ की बारिश का आनंद लेना और बर्फ को देखना आँखों को हमेशा याद रहने वाला है। पर्यटकों के लिए यहाँ कई सुन्दर बाग मिलेंगे जिनमे खिलने वाले फूलों से यह देश महकता है। यदि आप नीदरलैंड के बारे में अधिक जानना चाहते हैं तो हमारे इस लेख को पूरा जरूर पढे।

नीदरलैंड के बारे में रोचक तथ्य

नीदरलैंड के लोगो की ऊंचाई दुनिया के बाकी देशों के लोगों से अधिक है।

नीदरलैंड में एक ही लिंग के लोगों की शादी को कानूनी तौर पर अपनाया जाता है। ऐसा करने वाला यह दुनिया का पहला देश है।

नीदरलैंड के किसी भी सैनिक का अपने से बड़े पद वाले सैनिक को सेल्यूट करना जरुरी नही है।

नीदरलैंड एक मात्र ऐसा देश है जहां विश्व के अन्य देशों की अपेक्षा साइकिल ज्यादा चलाई जाती है।

नीदरलैंड की राजधानी एम्सटरडम कोस्टॉक एक्सचेंज माना जाता है।

नीदरलैंड का एक बड़ा हिस्सा समुद्र तल से 1 मीटर तक निचे स्थित है।

नीदरलैंड में यूरोप के अन्य देशों से अधिक कृषि होती है।

अपराधियों की कमी के कारण नीदरलैंड में 8 जेलों को बंद करना पडा।

3. नीदरलैंड की राजधानी नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम है जोकि नीदरलैंड के पश्चिमी भाग में स्थित है और नीदरलैंड के पश्चिमी भाग को ही हॉलैंड कहा जाता है।

4. **नीदरलैंड की मुद्रा**
नीदरलैंड की मुद्रा यूरो है।

5. **नीदरलैंड भाषा**
नीदरलैंड की प्रमुख भाषा डच है तथा नीदरलैंड में रहने वाले लोगों को भी डच कहा जाता है।

6. **नीदरलैंड का कल्चर**
नीदरलैंड के कल्चर के बारे में सुनके बहुत अजीब लगता है परन्तु यहाँ के लोगो के लिए ये साधारण बात होती है। नीदरलैंड में लोग सेक्स को खुले आम रखना पसंद करते है। नीदरलैंड में सेक्स की कई दुकाने है और संग्रहालय है जो यहाँ के कल्चर को उजागर करते है। नीदरलैंड में एक ही लिंग के व्यक्तियों के आपस में रिलेशन को नीदरलैंड बहुत अच्छे से स्वीकार करता है।

आप-कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव, आप को मेयर पद मिलेगा.. बाकी कांग्रेस को

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में इस बार भाजपा को कोई पद मिलने की उम्मीद नहीं

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

कांग्रेस और आप के साथ आने से पिछले कई वर्षों से मेयर की कुर्सी पर बैठी भाजपा की बादशाहत खतरे में है। आप नेताओं का दावा है कि मतदान में वह गठबंधन के नंबरों से भी ज्यादा वोट हासिल करेंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि गठबंधन के बाद भी आम आदमी पार्टी की नजर भाजपा व अकाली दल के एक पार्षद पर है।

मालूम हो कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया है। सोमवार को आप और कांग्रेस के नेता और उम्मीदवार नामांकन वापस लेने के लिए नगर निगम पहुंचे। मेयर का पद आम आदमी पार्टी के पास रहेगा और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का पद कांग्रेस के खाते में जाएगा।

अब आप के उम्मीदवार कुलदीप टीटा मेयर बन सकते हैं। कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार जसबीर सिंह बंटी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।

आप और कांग्रेस में गठबंधन से मेयर चुनाव के सारे समीकरण बदल गए हैं। वर्तमान में भाजपा के पास सबसे ज्यादा नंबर हैं। मेयर चुनाव के लिए सांसद किरण खेर को मिलाकर उनके पास 15 वोट हैं। आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास सात वोट हैं। दोनों में गठबंधन होने पर आप और कांग्रेस के 20 वोट हो जाते हैं, जबकि मेयर बनाने के लिए जादुई आंकड़ा 19 है। ऐसे में पिछले कई वर्षों से मेयर की कुर्सी पर बैठी भाजपा की बादशाहत खतरे में है।

गठबंधन के बाद सीनियर डिप्टी मेयर और साथ डिप्टी मेयर के पद पर आप की तरफ से मैदान में उतारे गए नेहा और पूनम को भी नामांकन वापस लेना पड़ा। अब कांग्रेस के गुरप्रीत सिंह गाबी सीनियर डिप्टी मेयर और निर्मला देवी डिप्टी मेयर पद के दावेदार हैं। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार मेयर चुनाव के दिन सदन की कार्यवाही के शुरू होने से पहले नामांकन वापस लिए जा सकते हैं।

आम आदमी पार्टी मेयर के अलावा डिप्टी मेयर का पद भी चाह रही थी लेकिन कांग्रेस सीनियर डिप्टी मेयर के साथ डिप्टी मेयर का पद चाहती थी। इसकी वजह से मामला लटक गया था लेकिन अब सहमति बन गई है कि मेयर का पद आम आदमी पार्टी के पास रहेगा और सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का पद कांग्रेस के पास रहेगा।

हम स्वयं में श्री राम के चरित्र की प्रतिष्ठा का संकल्प लेः देवेश मौदगिल

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

अयोध्यो धाम में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर युवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा चंडीगढ़ मे 51 हजारे निशुल्क श्री राम चरित मानस शास्त्र को घर घर स्थापित करने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। युवा संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं चंडीगढ़ के पूर्व महापौर देवेश मौदगिल ने बताया के फाउंडेशन द्वारो अयोध्या धाम श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर युवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा चंडीगढ़ मे 51 हजार निशुल्क श्री राम चरित मानस शास्त्र को घर घर स्थापित किया जायगा। यह कार्यक्रम श्री राम के संस्कारों का देश के नागरिकों के चरित्र में समावेश करवाने हेतु किया गया है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वार श्री राम मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम आयोजन के आह्वान पर चंडीगढ़ में युवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा यह अभियान चलाया जाएगा। मौदगिल ने कहा के श्री राम चरित मानस शास्त्र को घर घर मे स्थापित करने का कार्यक्रम का उद्देश्य यह है के भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम



श्रीराम के जीवन से हमे एक आदर्श पुत्र, आदर्श शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता एवं आदर्श राजा बनने की प्रेरणा मिलती है। श्री राम का ना केवल एक आदर्श चरित्र था ब्लकि श्री रामे कुशल प्रशासक भी थे जिनके राज्य को आज तक राम राज कहा जाता है। जहां बिना किसी भेदभाव के सामाजिक समानता के आधार पर हर नागरिक को धर्म सम्मत सम्मान पूर्वक जीवन यापन का अधिकार था।

श्री राम चरित मानस एक शास्त्र ही नहीं अपितु राज, काज एवं समाज के प्रबंधन एवं निर्देशन हेतू विश्व व्यापी सर्वोपरि मानस संविधान है। यह सनातन जीवन पद्धति का मूलभूत सिद्धांत है। राम चरित मानस जीवन के संतुलन एवं संघर्ष में मनुष्य का मार्ग दर्शन करती है। श्री राम चरित मानस शास्त्र वितरण कार्यक्रमे की शुभ शुरूआत के अवसर पर आज प्रथम प्रति श्री सत्य पाल जैन, पूर्व सांसद एवं अपर महा सौलीसीटर जनरल भारत सरकार को युवा संकल्प फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा घर मे स्थापित करने हेतु दी गई। श्री जैन ने फाउंडेशन के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं कहा के श्री राम के जीवन को आत्मसात कर हुए. कठिन परिस्थितियों में भी विजय हासिल कर सकते है। जैन ने कहा श्री राम अधर्म पर धर्म की विजय एवं आदर्श और धैर्य के प्रतीक है। इस अवसर पर युवा संकल्प फाउंडेशन से सर्व श्री बलदेव गोयल, सरदार जसज्योत सिंह अलमस्त, कर्ण वासुदेव, सत पाल गुप्ता एवं रितेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सेक्टर 34 में राम मंदिर का प्रतीकात्मक स्वरूप व चांदी की चरण पादुका बनी आकर्षण का केंद्र

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की आहट चंडीगढ़ में भी पूरे जोर शोर से सुनाई दी । गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में हजारों नारंगी वस्त्रों में महिलाओं ने घोड़े ऊंट ,बैंड बाजा व भगवान शंकर की इलेक्ट्रॉनिक झांकियों के साथ चल रही हजारों महिलाओं के राम नाम के गुंजायमान से सारे शहर को राममय किया , ऐसा उत्साह शहर में शायद ही पहले कहीं दिखा हो । सेक्टर 23 सनातन धर्म मंदिर से शुरू होकर निकली कलश यात्रा, सेक्टर 22 सेक्टर 21 सेक्टर 20 होते हुए सेक्टर 34 पहुंची व सारे रास्ते भगवान राम के भक्तों ने उनके लिए जलपान लंगर की व्यवस्था की हुई थी ।

श्री राम कृपा ट्रस्ट के जगमोहन गर्ग,

प्रदीप बंसल, मेयर अनूप गुप्ता , नवराज मित्तल सहित अन्य आयोजकों ने बताया कि उनकी उम्मीद से अधिक शहर वासी भगवान राम के उत्सव में भाग ले रहे हैं सारा शहर राममय है और 22 तारीख तक ऐसे ही उत्साह उल्लास बना रहेगा । अगले दो दिन 3 बजे से 6 बजे तक कवि राज कुमार विश्वास की राम कथा होगी । भगवान राम मंदिर का प्रतीकात्मक स्वरूप व चांदी की चरण पादुका सभी भक्तों के लिये आकर्षण का केंद्र बन गयी।

ट्रस्ट के प्रदीप बंसल , जगमोहन गर्ग , मेयर अनूप गुप्ता व नवराज मित्तल जी जान से तैयारियों में जुटे हैं , उनका कहना है कि 500 सालों की सबसे बड़ी दिवाली की तैयारी में कोई कमी नहीं रखी जायेगी , चाहे तो सारा शहर ही सेक्टर 34 में भगवान राम का गुणगान करने आ जाये ।

- गाजे बाजे के संग निकली राम जी की कलश यात्रा
- उत्साह ,उल्लासपूर्ण राम नाम से राममय हुआ चंडीगढ़
- भजन सम्राट कन्हैया मित्तल की श्री राम भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब

सृष्टि कर्मा फाउंडेशन के एथलीट्स ने दूसरी सब जूनियर नेशनल डॉजबॉल चैम्पियनशिप में जीत हासिल की

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

सृष्टि कर्मा फाउंडेशन, चण्डीगढ़ के 30 एथलीट्स ने दूसरी सब जूनियर नेशनल डॉजबॉल चैम्पियनशिप जीत ली है। चण्डीगढ़ के एथलीट्स ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब डॉजबॉल एसोसिएशन के समर्थन में इन एथलीट्स ने मदनलाल ढींगरा स्टेडियम, गोहाना में हुए इस टूनामेंट में अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा, जिसमें 21 राज्यों की टीमों के लगभग 1000 एथलीट्स की भागीदारी के साथ, टीम ने सब जूनियर गर्ल्स और सब जूनियर बॉयज श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की। सब जूनियर अंडर 17 गर्ल्स फाइनल में, कर्नाटक टीम के खिलाफ टक्कर लेते हुए उन्होंने दूसरी पोजीशन हासिल की और समग्र सिल्वर मेडल जीता। सृष्टि कर्मा फाउंडेशन के प्रमुख संस्थापक हरचरण सिंह, जो पंजाब डॉजबॉल एसोसिएशन के महासचिव भी हैं, ने इन नए खिलाड़ियों के शानदार पहले प्रदर्शन, उनके प्रशिक्षण और योगदान की सराहना की। उनकी प्राप्तियों से अपनी संतुष्टि जाहिर की। सफलता के इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इस चैम्पियनशिप के खिलाडियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि श्रीमती सपना नंदा, प्रिंसिपल गवर्नमेंट एजुकेशन कॉलेज, सेक्टर 20 डी, और श्रीमती अस्तिंदर कौर कोहली, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ने भी उपस्थित रह कर एथलीट्स का मनोबल बढ़ाया।

संक्षिप्त-समाचार

अमन अरोड़ा को फिलहाल राहत नहीं, हाईकोर्ट 22 व संगरूर अदालत में 19 को अगली सुनवाई

सुनाम ऊधम सिंह वाला। संगरूर अदालत में सजा के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 19 जनवरी निर्धारित कर दी है। इसके अलावा गणतंत्र दिवस पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को झंडा फहराने से रोकने के लिए दायर याचिका पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जिसमें हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को इस मामले में नोटिस भेज पक्ष रखने को कहा है। मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। बता दें कि अमन अरोड़ा को 21 दिसंबर 2023 को पारिवारिक झगड़े में सुनाम अदालत ने दो साल की सजा सुनाई गई थी। मंत्री अरोड़ा ने इस सजा पर रोक लगाने के लिए संगरूर जिला अदालत में याचिका दायर की है। दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा द्वारा अमृतसर में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय झंडा फहराने की रस्म अदा करने के लिए नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। जिसे लेकर पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित सवाल उठा चुके हैं और पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है।

खराब मौसम के चलते तीन उड़ानें रद्द, कई देरी से उड़ीं

चंडीगढ़। सोमवार सुबह खराब मौसम और कोहरे के चलते शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट चंडीगढ़ से सुबह तीन घंटे बाद उड़ानों का संचालन शुरू हुआ। विजिबिलिटी कम होने के कारण एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से सुबह की तीन उड़ानें रद्द कर दी गईं। पहली फ्लाइट ने सुबह 8.28 बजे उड़ान भरी। वहीं, 32 उड़ानें अपने निर्धारित समय से लेट रही। एयरपोर्ट से जाने वाली दो उड़ानें 3-3 घंटे लेट रहीं, जबकि पांच उड़ानें अपने निर्धारित समय से 2-2 घंटे लेट रहीं। इसके साथ 25 उड़ानें अपने निर्धारित समय से 30 से 45 मिनट तक देरी से उड़ीं। एयरपोर्ट के सीईओ राकेश रंजन सहाय ने बताया कि सुबह के समय विजिबिलिटी 80 मीटर के करीब थी, जिसकी वजह से सुबह की उड़ान रद्द करनी पड़ी। जब मौसम साफ हुआ तो उड़ानों का आना-जाना शुरू हो गया।

चौकीदार की करंट लगने से हुए मौत

चंडीगढ़। सेक्टर-15 स्थित लाला लाजपत राय भवन में काम करने वाले चौकीदार की हीटर से करंट लगने पर मौत हो गई। मृतक की पहचान पंचकूला के सेक्टर-4 में रहने वाले सुरेश कुमार (60) के रूप में हुई है। हादसा रविवार रात उस समय हुआ, जब वह कमरे में लगे हीटर को बंद करने लगा। इस दौरान उसे करंट लग गया और कपड़ों में आग गई और वह बुरी तरह से झुलस गया। इसके बाद उसे तुरंत जीएमएसएच-16 में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंचकूला का रहने वाले सुरेश कुमार करीब 25 साल से सेक्टर-15 स्थित लाला लाजपत राय भवन में चौकीदार की नौकरी करता था। यहां उसे ठहरने के लिए कमरा दिया था। रविवार रात ठंड के चलते उसने इसी कमरे में रूम हीटर चला रखा था। इस दौरान यह हादसा हो गया। बता दें कि पीजीआई के नजदीक होने के चलते यह मरीज ठहरते हैं। यहां पर ट्रस्ट की तरफ से लेबोरेटरी जांच की व्यवस्था भी रहती है।

पार्क में मजदूर का शव मिलने से मची सनसनी

चंडीगढ़। सेक्टर-18 स्थित पार्क की हट के नीचे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सैर करने आए लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को सेक्टर-16 अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मूल रूप से यूपी के रहने वाले राहुल वर्म (29) के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर मामला ठंड और नशे के चलते हुई मौत का लगा रहा है। पुलिस के अनुसार वह मजदूरी का काम करता था। हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। सेक्टर-19 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक का एक भाई नीरज वर्मा पंचकूला के सेक्टर-2 में रहता है और दूसरा चंडीगढ़ स्थित एक कोठी में काम करता है। नीरज वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई राहुल वर्मा सोमवार सुबह सेक्टर-18 स्थित पार्क की हट के नीचे पड़ा मिला। पुलिस ने घटना स्थल पर फोरेंसिक मोबाइल टीम को बुलाया। पीसीआर जवानों ने पार्क में मिले राहुल को अस्पताल में पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर मोर्चरी में रखवा दिया।

हाईकोर्ट ने लड़की को माना नाबालिग, परिजनों संग भेजा

चंडीगढ़। समलैंगिक लड़की को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने उसकी साथी को सौंपने से इन्कार करते हुए परिजनों संग भेजने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्ट्या हरदोई से लाकर हाईकोर्ट में पेश की गई लड़की को नाबालिग माना और सहमति संबंध मे रहने की दलील देने वाली याचिकाकर्ता को कस्टडी से जुड़े दावे के संबंध में अगली सुनवाई पर दलीलें पेश करने का आदेश दिया है। सोमवार को पंचकूला पुलिस ने कोर्ट के आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से लाई गई लड़की को अदालत में पेश किया। याचिका दाखिल करने वाली लड़की ने अपनी सहमति संबंध साथी को परिजनों की अवैध हिरासत में बताया था और अदालत के आदेश पर लड़की को हाईकोर्ट में पेश किया गया। लड़की ने हाईकोर्ट में कहा कि वह अपनी सहमति संबंध साथी के साथ रहना चाहती है और परिजनों के साथ नहीं जाना चाहती। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि फिलहाल हमारे पास युवती का हरदोई के स्कूल की ओर से जारी प्रमाणपत्र है जिसके अनुसार वह बालिग नहीं है। ऐसे में हाईकोर्ट ने लड़की को परिजनों को सौंपने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने आधार अथॉरिटी के वकील को बताया कि वर्तमान में हाईकोर्ट के रिकार्ड पर कथित तौर पर बंधक बनाई गई लडकी के दो आधार कार्ड मौजूद हैं। अगली सुनवाई पर वह दस्तावेज सील कवर में हाईकोर्ट में सौंपे जाएं जिसके आधार पर जन्म तिथि में संशोधन किया गया। सुनवाई के दौरान बंधक बनाई गई लड़की से हाईकोर्ट ने पूछा कि वह क्या करती है तो उसने बताया कि वह एक कोठी पर सफाई का काम कर रही थी। इसपर हाईकोर्ट ने उसके परिजनों को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको पता नहीं है क्या, बाल मजदूरी अपराध है। हम आपको आपकी बेटी सौंप रहें है लेकिन इससे कोई काम नहीं करवाया जाएगा और न ही मार-पीट होगी। यदि ऐसा पाया गया तो माता-पिता दोनों को जेल भेज दिया जाएगा। साथ ही पुलिस के रवैए पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आपको पता नहीं है कि आपके इलाके में बाल मजदूरी हो रही है। हरदोई से लड़की को लाने के बाद उसे आशियाना में रखा गया और उसका ऑसिफिकेशन टेस्ट करवाया गया ताकि उसकी उम्र की जानकारी दी जा सके।

निरंकारी मिशन द्वारा भक्ति पर्व का आयोजन किया गया

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से सन्त निरंकारी सत्संग भवन सैक्टर 30 ए चण्डीगढ में भक्ति पर्व के अवसर पर देहली से आए केंद्रीय योजना एंव सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष, एडवोकेट राज कपूर जी ने हजारों की संख्या में उपस्थित श्रृद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भक्त का जीवन तभी भक्ति भरा बनता है जब उसके आचरण एवं व्यवहार से प्रेम रूपी महक आये और स्वंय को सत्गुरु के आगे समर्पित करते हुए आनंदित एंव उत्सव वाला जीवन जीये। अपने कर्मो के प्रभाव से औरो के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनें। गुरू के बताये हुए वचनों को सत्यवचन मानकर जीवन जीना ही भक्ति है। हर पल में केवल शुकराने का भाव प्रकट करना ही सच्चे भक्त की अवस्था है।

उन्होने आगे कहा कि भक्ति कोई

दिखावा या आडम्बर नहीं कि लोग उससे भयभीत हो। भक्ति का अर्थ तो साकार से इस निरंकार की प्राप्ति करके इससे एकमिक होने की अवस्था है। सारा संसार इस परमात्मा का ही बनाया हुआ है हमें सभी को इसकी सन्तान समझ कर सभी से प्यार करना चाहिए। संसार में कोई भी बुरा नहीं है किसी को अच्छा या बुरा हमारा दृष्टिकोण ही बनाता है, इसलिए हमें अपने दृष्टिकोण को ठीक करना होगा। भक्ति पर्व समागम के अवसर पर परम संत सन्तोख सिंह जी एवं अन्य संतों भक्तों के तप-त्याग को स्मरण किया जाता है जिन्होंने ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी के प्रचार प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किया।

इसी प्रकार चंडीगढ़ जोन की सभी ब्रांचों में भक्ति पर्व समागम का आयोजन किया गया । समाप्ति उपरांत सामुदायिक लंगर की व्यवस्था भी गई। इससे पूर्व चंडीगढ़ के संयोजक श्री नवनीत पाठक जी ने, जोनल इन्चार्ज, श्री ओ0 पी0 निरंकारी जी एवं सारी साध संगत की ओर से एडवोकेट श्री कपूर जी का देहली से यहां पधारने पर स्वागत व धन्यवाद किया।

चंडीगढ़ से ही होगी भाजपा के कुशासन के अंत की शुरूआतः पवन बंसल

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव के लिए कई दिनों से चल रही सरगर्मियों को विराम लग गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल ने जानकारी दी है कि कई दिनों से दिल्ली में कांग्रेस-आप के नेताओं के बीच गठबंधन को लेकर चल रहा बैठकों का दौर खत्म हो चुका है, जिसके बाद ये फैसला किया गया है कि इंडिया अलायंस के तहत अब शहर में मेयर चुनाव में कांग्रेस और आप एक साथ भाजपा के खिलाफ उतरेंगी, जिससे आप का मेयर बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। पवन बंसल ने इंडिया अलाइंस के तहत आप-कांग्रेस गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे चंडीगढ़ के लोगों के मेंडेट का सम्मान होगा व भाजपा को अपनी मनमानी के बजाय ,सदन में विपक्ष में बैठना पड़ेगा।



चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन के पश्चात सोमवार को आप और कांग्रेस के नेता और उम्मीदवार नामांकन वापस लेने के लिए नगर निगम पहुंचे। मेयर का पद आम आदमी पार्टी के पास रहेगा और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का पद कांग्रेस के खाते में जाएगा। गौरतलब है कि पिछले 2 साल से कांग्रेस अपने पार्षदों की संख्या कम होने की वजह से मेयर चुनाव का बायकॉट कर रही थी, और भाजपा ज्यादा वोट होने की वजह से इस चुनाव को जीत रही थी। इस समय कुल 35 पार्षदों में से 14 पार्षद भाजपा के, 13 आम आदमी पार्टी के, 7 कांग्रेस और एक अकाली दल के पास हैं। भाजपा के पास सांसद किरण खेर की भी एक वोट है, लेकिन आप और कांग्रेस के वोट मिलने के बाद 20 हो जाते हैं, जिसे टक्कर देना भाजपा के लिए मुमकिन नहीं होगा।

गठबंधन के फैसले से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी तीनों पदों के लिए अपने उम्मीदवार मैदान में उतार चुकी हैं, लेकिन अब स्थिति बदलने के बाद मेयर पद से कांग्रेस के जसबीर बंटी ने अपना नाम वापस ले लिया है और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद के लिए आप के उम्मीदवार ने अपना नाम वापस ले लिया है।

मंथन | **7 देशों के वरिष्ठ नर्सिंग प्रतिनिधियों ने पीजीआईएमईआर अंगदान सुविधा की सराहना की**

पीजीआईएमईआर ने 7 देशों के वरिष्ठ नर्सिंग प्रतिनिधियों को सर्वोत्तम नर्सिंग प्रथाओं पर प्रकाश डाला

दर्पण न्यूज सर्विस
चंडीगढ़

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 24वें अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन विकास कार्यक्रम के दौरान, सात देशों के वरिष्ठ नर्सिंग प्रतिनिधियों को पीजीआईएमईआर के नर्सिंग इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन द्वारा अच्छी नर्सिंग प्रथाओं, सर्वोत्तम नवजात देखभाल प्रथाओं और क्षेत्रीय अंग दान सुविधा का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा, उन्होंने सबसे निचले स्वास्थ्य सेवा वितरण केंद्र, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में नर्स के नेतृत्व वाली प्रथाओं पर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया, जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग, एबीएचए कार्ड रखरखाव और सामुदायिक भागीदारी जैसे अत्याधुनिक दृष्टिकोण शामिल थे।

प्रो. सोनू गोयल, कार्यक्रम निदेशक और सामुदायिक चिकित्सा विभाग और

- 24वें अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन विकास कार्यक्रम के दौरान पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ का फील्ड दौरा

स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर, ने बहुआयामी वयस्क शिक्षण शिक्षाशास्त्र के महत्व को रेखांकित किया, और क्षेत्र दौरों के माध्यम से व्यावहारिक प्रदर्शनों पर जोर दिया, जो आने वाले देशों के लिए दोहराने के लिए उपयोगी होगा। उनके देश। नर्स चिकित्सकों के लिए इस विशेष कार्यक्रम को प्रायोजित करने के लिए भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के तहत भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम

स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को पारस्परिक रूप से मजबूत करने में सहयोग विकसित करने में देश के लिए बेहद उपयोगी हैं।

नाइन की प्रिंसिपल डॉ सुखपाल कौर ने अंतरराष्ट्रीय नर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि पीजीआई के नर्सिंग संस्थान में नर्स के नेतृत्व वाली पहल मरीजों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करती है। उन्होंने कहा, हम मरीजों को शीर्ष श्रेणी की सेवाएं प्रदान करने के लिए नवोन्वेषी अस्पताल और समुदाय आधारित अनुसंधान में नर्सिंग कैडर को मजबूत कर रहे हैं।

प्रतिभागियों ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन के सभागार में सात नर्सिंग पेशेवरों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित करने की सराहना की, जिन्होंने विभिन्न स्तरों पर नर्सिंग देखभाल में नवीन प्रथाओं के लिए सम्मान प्राप्त किया है। इसमें मधुमेह मेलेटस, स्ट्रोक, सिर की चोटों की रोकथाम के लिए नर्स के नेतृत्व वाली पहल, मानव दूध बैंक की स्थापना और कामकाज शामिल थे। फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित सुश्री सुनीता ने चंडीगढ़ के स्लम क्षेत्र में समुदाय में अपने 30 साल के लगातार काम पर प्रकाश डाला।

क्षेत्र दौरे में नियोनेटोलॉजी विभाग का एक व्यापक दौरा भी शामिल था, जिसमें समय से पहले जन्मे नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने, स्तनपान परामर्श, मानव दूध बैंकिंग, मानवीय देखभाल, संक्रमण नियंत्रण और पारिवारिक एकीकरण जैसे विषयों की खोज की गई। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में नियोनेटोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने एनआईसीयू, एनएनएन और स्टेप-डाउन नर्सरी जैसे नवजात देखभाल क्षेत्रों पर ब्रीफिंग के दौरान नर्स के नेतृत्व वाली पहल की सफलता में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

नर्सिंग देखभाल में अच्छी प्रथाओं का प्रदर्शन करते हुए फ्ढळळड केंद्र (क्षेत्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन) की उपलब्धियों पर जागरूकता अभियान के साथ क्षेत्र का दौरा संपन्न हुआ। सुश्री सरयू, समन्वयक, रोटो, पीजीआईएमईआर ने साझा किया कि रोटो देश में पहला अंग प्रत्यारोपण है और 2015-2016 में अपनी स्थापना के बाद से लगातार सर्वश्रेष्ठ केंद्र प्राप्त कर रहा है और हाल ही में मृतक अंग दाताओं की सबसे अधिक संख्या के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।